



# तरुण छत्तीसगढ़


सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 78 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 18 दिसम्बर 2025 डाक 19 दिसम्बर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा** — मानसिकता और कार्यक्षमता को प्रभावित करती वर्चुअल मीटिंग्स



**देश-विदेश** — आपके भरोसे के लिए धन्यवाद, प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया में मिला स्टैंडिंग ओवेशन



**फीचर पेज** — हेब्बा पटेल और अनिरुद्ध श्रीवास्तव अभिनीत फिल्म मारियो का ट्रेलर रिलीज




## हैदराबाद में भाजपा के खिलाफ कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन से पहले सुरक्षा बढ़ाई गई



**नईदिल्ली 18 दिसम्बर [एजेंसी]।** तेलंगाना कांग्रेस मुख्यालय, गांधी भवन, और नामपल्ली, हैदराबाद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) ने नेशनल हेराल्ड मामले के संबंध में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ गलत आरोपों में फंसाने का आरोप लगाते हुए भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की घोषणा की थी। इस मार्च में टीपीसीसी अध्यक्ष और विधान पार्षद महेश कुमार गौड़, अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ मौजूद होंगे। मार्च गांधी भवन से नामपल्ली में तेलंगाना बीजेपी मुख्यालय तक होना है। अधिकारियों ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और मार्च के दौरान किसी भी घटना को रोकने के लिए दोनों स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया है। इस बीच, कई विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस सांसदों ने सत्यमेव जयते; सत्य की जीत होती है! लिखे पोस्टर पकड़े हुए थे। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी नेशनल हेराल्ड मामले में सरकार द्वारा बदले की राजनीति करने के खिलाफ विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। कर्नाटक कांग्रेस नेताओं के साथ मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी बेलगावी में सुवर्णा सौधा में गांधी प्रतिमा के पास नेशनल हेराल्ड मामले और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम का नाम बदलकर वीबी-जी राम जी करने के फैसले को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले को सत्ताधारी सरकार द्वारा राजनीतिक बदले की भावना से आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा यह मामला पूरी तरह से गांधी परिवार को परेशान करने के उद्देश्य से है।

### खलबली बीजेपी नेता के दफ्तर पर फायरिंग से, सुरक्षाकर्मी घायल

**अंबरनाथ।** महाराष्ट्र में नगर पालिका चुनाव से ठीक दो दिन पहले अंबरनाथ में उस वक्त सनसनी फैल गई जब भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार पवन वालेकर के चुनावी कार्यालय पर अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना ने न सिर्फ इलाके में दहशत पैदा कर दी, बल्कि चुनावी माहौल को भी पूरी तरह गरमा दिया है। यह वारदात कल देर रात करीब 1 बजे अंबरनाथ पश्चिम के नवीन भेंडी पाड़ा इलाके में हुई। उस समय पवन वालेकर अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ मौजूद थे। इसी दौरान बाइक पर सवार दो अज्ञात आरोपी वहां पहुंचे और कार्यालय की ओर चार राउंड फायरिंग कर दी। फायरिंग की गोलियां सीधे कार्यालय के कांच में जा लगीं, जिससे अफरा-तफरी मच गई।

## रायपुर में मेगा हेल्थ कैंप 2025 का उद्घाटन हुआ, लोगों को मिलेगा फ्री इलाज, देशभर के विख्यात डॉक्टर शामिल

**रायपुर।** राजधानी रायपुर में गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर 18 से 22 दिसंबर 2025 तक मेगा हेल्थ कैंप-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। आयुर्वेदिक कॉलेज में यह शिविर रोजाना सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आम जनता के लिए खुला रहेगा। आयोजकों के मुताबिक, ये प्रदेश का अब तक का सबसे बड़ा हेल्थ कैंप होगा। पांच दिवसीय इस विशाल स्वास्थ्य महाअभियान में देशभर के ख्यातिप्राप्त विशेषज्ञ डॉक्टर और छत्तीसगढ़ के प्रमुख अस्पताल निशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। आयोजकों के अनुसार, मेगा हेल्थ कैंप के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है और अब तक 18 हजार से अधिक लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। हेल्थ कैंप के आयोजक राजेश मुणत (विधायक, पश्चिम) ने बताया कि इस



आयोजन का मुख्य उद्देश्य मरीजों को एक ही छत के नीचे जांच से लेकर इलाज तक की सुविधा प्रदान करना है। सामान्यतः मरीजों को हर छोटी-छोटी चीज के लिए अलग-अलग जगह भटकना पड़ता है। लेकिन कैंप में सिलसिलेवार तरीके से मरीजों की जांच से लेक इलाज तक प्रबंध किया गया है। लगभग 8 से 10 हजार मरीजों के रोज चेकअप का इंतजाम किया है।

देश के श्रेष्ठ डॉक्टरों और प्रदेश के नामचीन अस्पतालों के डॉक्टर कैंप में अपनी सर्विस देंगे। बढ़ते ब्रेस्ट कैंसर को देखते हुए इस बार दिल्ली से विशेष मशीन और टीम बुलाई गई। किसी महिला को समस्या होने तत्काल इलाज उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक राजेश मूणत ने मेगा हेल्थ कैंप को लेकर आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि परिवार और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए कैंप में आएं। उन्होंने बताया कि इस कैंप में आने वालों को किसी तरह का चार्ज नहीं लगेगा। उन्होंने बताया कि यह कैंप पूरी तरह से निशुल्क है।

## 2014 से ही पंडित नेहरू के इर्द- गिर्द घूम रही इनकी नीति,कांग्रेस सांसद ने पीएम मोदी पर कसा तंज



**मुंबई, 18 दिसम्बर।** कांग्रेस सांसद सुखदेव भगत ने गुरुवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के 51 बक्सा में बंद कागजात लौटाने पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, केंद्र सरकार ने सोनिया गांधी को नेहरू के कागजात के 51 कार्टन लौटाने को कहा था। इस पर सांसद भगत ने कहा, 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता में आने के बाद से, वह जो कुछ भी करते हैं और जो भी नीति लागू करते हैं, वह नेहरू के इर्द-गिर्द घूमती है। स्थिति यह है कि वह सच्चाई के साथ नहीं चलते, इसीलिए ऐसी घटनाएं होती हैं। हमारी राष्ट्रीय विरासत राष्ट्र के साथ ही रहेगी। संस्कृति मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में स्पष्ट किया कि इन दस्तावेजों को लापता नहीं कहा जा सकता, क्योंकि इनका पता चल चुका है और इन्हें वापस लाने के लिए प्रयास जारी हैं, साथ ही यह भी कहा कि ये राष्ट्र की दस्तावेजी विरासत का हिस्सा हैं। यह किसी की निजी संपत्ति नहीं है। संस्कृति मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के निजी दस्तावेजों को प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय (पीएमएमएल) से लापता नहीं कहा जा सकता, क्योंकि वह कहां हैं।

वह सारे दस्तावेज पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के पास हैं। संस्कृति मंत्रालय ने कहा, श्रीमती सोनिया गांधी के प्रतिनिधि एम.वी. राजन ने 29 अप्रैल, 2008 के पत्र के माध्यम से अनुरोध किया था कि श्रीमती गांधी पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के सभी निजी पारिवारिक पत्रों और नोट्स को वापस लेना चाहती हैं। नेहरू पेपर्स के 51 बक्सा 2008 में श्रीमती सोनिया गांधी को भेजे गए थे। पीएमएमएल तब से इन दस्तावेजों की वापसी के लिए सोनिया गांधी के कार्यालय के साथ लगातार पत्र लिख रहा है।

## जेद्दा से कालीकट जा रहे एआई एक्सप्रेस विमान की आपात लैंडिंग, केरल में उतारनी पड़ी फ्लाइट



**कोच्चि 18 दिसम्बर।** एक अधिकारी ने बताया कि जेद्दा से कोझिकोड जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की गुरुवार को कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपत लैंडिंग कराई गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की वजह से यह आपात लैंडिंग कराई गई। विमान में 160 यात्री सवार थे। कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक बयान में कहा कि उसने जेद्दा से कोझिकोड जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट एक्सएल 398 की सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग में सफलतापूर्वक मदद की, जिसे लैंडिंग गियर और टायर फेल होने की तकनीकी खराबी के कारण कोच्चि डायवर्ट किया गया था। बयान में कहा गया कि विमान सुबह 9.07 बजे सफलतापूर्वक कोचीन एयरपोर्ट पर उतरा।

इस दौरान सभी आपात सेवाओं को सक्रिय कर दिया गया था। घटना में किसी यात्री या क्रु के सदस्य को कोई चोट नहीं लगी। लैंडिंग के बाद की गई जांच में पता चला कि फ्लाइट के दाएं तरफ के टायर फट गए थे। इसके बाद जल्द ही रनवे को क्लीयर कराकर उड़ान सेवाओं को सामान्य कर दिया गया।

## भारतीय नौसेना के सेंसटिव इलाके में मिला चाइनीज GPS से लैस समुद्री पक्षी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट



**नईदिल्ली 18 दिसम्बर [एजेंसी]।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ के कारवार इलाके में एक समुद्री पक्षी मिला है, जिसके शरीर पर चाइनीज GPS ट्रैकिंग डिवाइस लगा हुआ है। यह पक्षी उस इलाके में मिला है, जो भारतीय नौसेना के संवेदनशील क्षेत्र के करीब है। चाइनीज GPS वाले पक्षी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों और वन विभाग तुरंत अलर्ट हो गया और मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार, तटीय समुद्री पुलिस सेल को कारवार के रवींद्रनाथ टैगोर बीच पर एक सीगल (समुद्री पक्षी) के शरीर से चाइनीज GPS ट्रैकिंग डिवाइस बरामद की गई। हालांकि, प्रारंभिक जांच में अब तक जासूसी गतिविधि से जोड़ने के कोई ठोस सबूत नहीं मिले हैं। जांच के दौरान अधिकारियों ने पाया कि सीगल के शरीर पर एक जीपीएस ट्रैकर बंधा हुआ था। इस उपकरण में एक इलेक्ट्रॉनिक यूनिट और एक छोटा सौर पैनल लगा हुआ था। अधिकारियों को ट्रैकर से जुड़ा एक ईमेल पता भी मिला, साथ ही एक संदेश भी मिला जिसमें पक्षी को ढूंढने वाले किसी भी व्यक्ति से दिए गए ईमेल आईडी पर संपर्क करने का अनुरोध किया गया था। पुलिस के अनुसार, यह ईमेल आईडी चीनी विज्ञान अकादमी से जुड़ा है, जो स्वयं को पारिस्थितिकी-पर्यावरण विज्ञान अनुसंधान केंद्र बताती है। अधिकारी स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए उल्लिखित ईमेल आईडी से संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं।

## सुकमा में सुरक्षाबलों के हाथ लगी बड़ी सफलता, मुठभेड़ में मार गिराए 3 माओवादी



**सुकमा 18 दिसम्बर।** सुकमा में नक्सल मोर्चे पर सुरक्षाबलों की बड़ी कार्रवाई जारी है। थाना गोलापल्ली क्षेत्र के जंगल और पहाड़ी में नक्सलियों और सुरक्षा बलों के बीच बड़ी मुठभेड़ जारी है। सुकमा पुलिस ने एनकाउंटर की पुष्टि की है। माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर DRG ने गोलापल्ली क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया। जवानों के सर्च ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई देते हुए मोर्चा संभाला। सुबह से ही घने जंगल और पहाड़ी इलाके में ऑपरेशन तेज हो गया है। सुरक्षा बल पूरी सतर्कता के साथ मोर्चे पर डटे हुए हैं। इसके साथ ही इलाके में अतिरिक्त बल अलर्ट मोड पर है। मुठभेड़ के दौरान ही सुकमा पुलिस से नक्सलियों के ढेर होने की जानकारी मिली है। सुकमा पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मुठभेड़ जारी है। रुक रुककर फायरिंग हो रही है। फिलहाल एनकाउंटर में तीन नक्सली मारे गए हैं। जिनकी शिनाख्त भी हो चुकी है। मारे गए नक्सली किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य है, जिनमें एक महिला नक्सली भी शामिल है। किस्टाराम एरिया कमेटी के तीन नक्सली ढेर, माड़वी जोगा उर्फ मुन्ना उर्फ जगत ऐसी एम किस्टाराम एरिया कमेटी, सोढ़ी बंडी एसी एम किस्टाराम एरिया कमेटी एवं नुप्पो बजनी एसी एम किस्टाराम एरिया कमेटी महिला नक्सली शामिल है।

## नालंदा में एसटीएफ की कार्रवाई, हथियार तस्करी का पर्दाफाश एके-47 के कारतूस और चाइना मेड पिस्टल के साथ पांच गिरफ्तार



**नालंदा।** बिहार में अवैध हथियारों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ और स्थानीय पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। लहेरी थाना क्षेत्र के सोहन कुआं मोहल्ले में संयुक्त छापेमारी कर पुलिस ने हथियार तस्करी के एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें झारखंड के पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) जिले के तीन सगे भाई भी शामिल हैं। मौके से भारी मात्रा में अवैध हथियार, गोला-बारूद और एक स्कॉर्पियो वाहन बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मेड इन चाइना लिखी पांच पिस्टल,एके-47 के 153 जिंदा कारतूस, छह मैगजीन और एक स्कॉर्पियो जब्त की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नगर थाना क्षेत्र के बारादरी निवासी परवेज, मुंगेर निवासी सौरभ झा तथा झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जीआरजई, महबूब और जाहिद हुसैन के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार झारखंड के तीनों आरोपी आपस में सगे भाई हैं और आपराधिक गतिविधियों में लंबे समय से सक्रिय रहे हैं। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि एसटीएफ को गुप्त सूचना मिली थी कि सोहन कुआं मोहल्ले में स्थित त्रिभूवन प्रसाद के मकान के एक फ्लैट में हथियारों की बड़ी खेप की डिलीवरी होने वाली है। सूचना में यह भी स्पष्ट किया गया था कि झारखंड से कुछ तस्कर हथियार लेने आने वाले हैं। इसके बाद एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से पूरी रणनीति के साथ छापेमारी की और फ्लैट में मौजूद सभी पांचों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

## पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, 3 की मौत और 4 की हालत नाजुक



**अनुगुल, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।** ओडिशा के नुआपाडा जिले में गुरुवार रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-353 पर तिखली के पास तेज रफ्तार कार संख्या OD-26 G-8489अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया कि कार में कुल सात युवक सवार थे। सभी नुआपाडा जिले के कोमना क्षेत्र के रहने वाले बताए जा रहे हैं और किसी काम से खरियार की ओर जा रहे थे।

रात करीब आठ बजे अचानक चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सीधे पेड़ से भिड़ गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के परखच्चे उड़ गए। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत कोमना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान एक और घायल ने दम तोड़ दिया।

शेष चार की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला मुख्यालय अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दुर्घटनाग्रस्त कार संख्या OD-26 G-8489 को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे का कारण माना जा रहा है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने वाहन चालकों से रात के समय सावधानी बरतने और तेज रफ्तार से बचने की अपील की है।

### 16 करोड़ के निवेश घोटाले का पर्दाफाश

## दिल्ली पुलिस ने शौकत अली समेत 9 को किया गिरफ्तार




**नईदिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय साइबर सिंडिकेट का भंडाफोड़ करते हुए देशभर से 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह सोशल मीडिया पर भारी मुनाफे का लालच देकर 16 करोड़ रुपये की ठगी कर चुका है। पुलिस ने केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, यूपी और दिल्ली में छापामारी कर शौकत अली, अदनान रजा और देवेंद्र पांडे समेत नौ लोगों को पकड़ा है। जांच में सामने आया कि इस गिरोह के तार दुबई से जुड़े हैं। आरोपी फर्जी बैंक खाते खुलवाकर ठगी की रकम को कई लेयर्स में घुमाते थे ताकि पकड़े न जा सकें। डीसीपी वेस्ट के अनुसार, राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल की 286 शिकायतें सीधे तौर पर इन खातों से जुड़ी मिली हैं। पुलिस ने इनके पास से 11 मोबाइल, सिम कार्ड और कई चेकबुक बरामद की हैं। गिरोह का शिकार बने एक व्यक्ति की 21 लाख रुपये की शिकायत के बाद यह बड़ी कार्रवाई हुई।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम सुतार का निधन, 100 वर्ष की उम्र में ली अंतिम सांस





**नईदिल्ली 18 दिसम्बर [एजेंसी]।** प्रख्यात मूर्तिकार और दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के शिल्पकार राम वनजी सुतार का बुधवार देर रात नोएडा स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनके पुत्र अनिल सुतार ने यह जानकारी दी। वह 100 वर्ष के थे और लंबे समय से उम्र से जुड़ी बीमारियों से पीड़ित थे। अनिल सुतार ने गुरुवार को प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि गहरे दुख के साथ हम आपको सूचित करते हैं कि मेरे पिता श्री राम वनजी सुतार का 17 दिसंबर की मध्यरात्रि को हमारे निवास पर निधन हो गया। 19 फरवरी 1925 को महाराष्ट्र के वर्तमान धुले जिले के गोंदूर गांव में एक साधारण परिवार में जन्मे राम सुतार का झुकाव बचपन से ही मूर्तिकला की ओर था। उन्होंने मुंबई के जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट एंड आर्किटेक्चर से शिक्षा प्राप्त की और स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके बाद उन्होंने भारतीय मूर्तिकला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला लंबा और उल्लेखनीय रचनात्मक सफर तय किया।

संसद परिसर में स्थापित ध्यानमग्न मुद्रा में महात्मा गांधी की प्रतिमा और घोड़े पर सवार छत्रपति शिवाजी महाराज की भव्य प्रतिमा उनकी प्रमुख कृतियों में शामिल हैं। वहीं, गुजरात में स्थापित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, जो देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को समर्पित है, ने उन्हें वैश्विक पहचान दिलाई। राम सुतार को उनके योगदान के लिए पद्म श्री (1999) और पद्म भूषण (2016) से सम्मानित किया गया। हाल ही में उन्हें महाराष्ट्र सरकार के सर्वोच्च सम्मान महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार से भी नवाजा गया था। राम सुतार के निधन से भारतीय कला और सांस्कृतिक जगत को अपूरणीय क्षति पहुंची है। उनकी कृतियां और विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेंगी।

### किशनगढ़ में तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

### लोगों में फैली दहशत दमकलकर्मियों ने पाया काबू



**नई दिल्ली।** राजस्थान के अजमेर के किशनगढ़ के भाट मोहल्ला में देर रात एक इमारत में भीषण आग लग गई। जानकारी के अनुसार, ये आग एक तीन मंजिला फुटवियर गोदाम में लगी। हालांकि, मौके पर पहुंचे दमकल के कर्मचारियों ने आग पर काबू पा लिया। इस तीन मंजिला इमारत में किस कारण आग लगी, इसकी ठोस वजह सामने नहीं आ सकी है। मामले की जांच की जा रही है। माना जा रहा है कि आग के कारण लाखों के सामान को क्षति पहुंची है। गनीमत इस बात की रही कि इस आग में कोई हताहत नहीं हुआ है।

तरुण छत्तीसगढ़
e-Paper
www.tarunchhattisgarhkorba.com



## जिले में 16 दिसंबर तक किसानों से 54605.40 मिट्रिक टन धान की हुई खरीदी,

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ वर्ष 2025-26 में जिले के 65 धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। धान खरीदी केंद्रों में जिला प्रशासन द्वारा किसानों की उपज खरीदी के लिए ऑनलाइन टोकन वितरण, बारदाने की उपलब्धता, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन से तौलाई, शीघ्रता से भुगतान आदि की समुचित व्यवस्था की गई है। जिले में 52 हजार से अधिक किसान धान विक्रय के लिए पंजीकृत है। जिले में 16 दिसम्बर तक 54605.40 मिट्रिक टन गुणवत्तायुक्त धान पंजीकृत किसानों से खरीदी की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा समितियों से धान का उठाव भी शीघ्रता से कराया जा रहा है। कोरबा जिले में अब तक 25793.20 मिट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। वर्तमान में समिति में 28812.20 मिट्रिक टन धान उठाव के लिए शेष है। जिसका आने वाले समय मे तेजी से उठाव पूर्ण कर लिया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा हाथी प्रभावित क्षेत्रों एवं संवदेनशील धान खरीदी केन्द्रो से प्राथमिकता से धान का उठाव किया जा रहा है। जिससे किसानों को धान बेचने में परेशानी न हो। साथ ही किसानो की सुविधा को ध्यान में रखते हुए संग्रहण केन्द्रों की व्यवस्था एवं समितियां में धान की स्टैकिंग कराकर स्थान बनाया गया है।

राज्य शासन द्वारा किसानों की सुविधा के लिए तुंहर टोकन की व्यवस्था को 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन प्रारंभ किया गया है। अब किसान किसी भी समय ऑनलाइन टोकन प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही किसान पंजीयन की तिथि में वृद्धि की गई है तथा एग्रीस्टेक पोर्टल पर अधिया/रेगहा, वनाधिकार पट्टाधारी एवं डूबान क्षेत्र के किसानों को विशेष छूट प्रदान की गई है। इन जनहितकारी निर्णयों से किसानों में राज्य सरकार के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

## आईटीआई कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 23 दिसंबर को

**कोरबा ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोरबा में केरियर ट्री एचआर साल्यूशन्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा सूजूकी मोटर गुजरात के लिए तकनीशियन पद हेतु 23 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जायेगा।

उक्त प्लेमेंट कैंप में व्यवसाय मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल, ट्रेक्टर मैकेनिक, मशीनिष्ट, विद्युतकार, फिटर, टर्नर, वेल्डर, पेन्टर, वायरमेन, शीट मेटल से आईटीआई उत्तीर्ण इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटोकापी 2 सेट तथा पासपोर्ट साइज फोटो के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हो सकते हैं।

## उपार्जन केंद्रों की बेहतर व्यवस्थाओं से किसानों में खुशी, बिना परेशानी हो रही धान की बिक्री

**कोरबा ।** सरकार द्वारा उपार्जन केंद्रों में किसानों के हित में की गई व्यवस्थाओं से किसानों में खुशी की लहर देखने को मिल रही है। उपार्जन केंद्रों में आने वाले किसानों के बैठने के लिए कुर्सियों की व्यवस्था की गई है, वहीं पीने के पानी और शेड की भी समुचित सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही है।धान विक्रय को सरल और सुगम बनाने के लिए सरकार ने टोकन व्यवस्था लागू की है। किसान ऑनलाइन एप के माध्यम से कभी भी टोकन प्राप्त कर सकते हैं और निर्धारित समय पर आसानी से उपार्जन केंद्र पहुंचकर अपना धान बेच सकते हैं। इस व्यवस्था से किसानों को लंबी कतारों और अनावश्यक इंतजार से राहत मिली है।



ऐसे ही किसान पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड के दूरस्थ ग्राम अमलीकुंडा निवासी सोन साय हैं, जिन्होंने चार एकड़ में धान की फसल ली है। किसान सोन साय ने बताया कि वे अपना धान उपार्जन केंद्र जटगा में बेचते हैं। वर्तमान में धान की मिंजाई का कार्य चल रहा है और आने वाले कुछ दिनों में वे शेष धान मंडी में विक्रय करेंगे। उन्होंने बताया कि अब तक वे 10 क्विंटल धान बेच चुके हैं।

किसान सोन साय का कहना है कि धान बेचने के साथ ही भुगतान की राशि सीधे उनके खाते में जमा हो जाती है, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होती। सरकार की इस सुव्यवस्थित और किसान हितैषी व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को बड़ा लाभ मिल रहा है।

## टोकन तुंहर हाथ से किसानों को राहत



**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए टोकन की व्यवस्था को 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन किए जाने से किसानों को बड़ी राहत मिल रही है। शासन के इस फैसले के तहत 'टोकन तुंहर हाथ' प्रणाली लागू की गई है, जिससे अब किसानों को टोकन के लिए भटकना नहीं पड़ता और वे अपनी सुविधा अनुसार कभी भी टोकन प्राप्त कर सकते हैं।

इसी व्यवस्था का लाभ ग्राम बुंदेली के किसान श्री थार्मेंद्र कुमार को मिला। वे अपना धान विक्रय करने उपार्जन केंद्र नकटीखार पहुंचे, जहां उन्होंने कुल 84 क्विंटल धान बेचा। लगभग चार एकड़ भूमि में धान की खेती करने वाले किसान थार्मेंद्र कुमार ने बताया कि उनका खाता संयुक्त रूप से परिवार के सदस्यों के नाम पर है और परिवार के सभी सदस्य मिलकर खेती-किसानी का कार्य करते हैं।

उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी धान की फसल अच्छी हुई थी और लगभग इतनी ही मात्रा में धान का विक्रय किया गया था। इस वर्ष भी 84 क्विंटल धान बेचा गया है। किसान थार्मेंद्र कुमार के अनुसार इस बार मौसम किसानों के अनुकूल रहा। पर्याप्त पानी की उपलब्धता के कारण फसल समय पर तैयार हुई, जिससे उत्पादन भी बेहतर हुआ। किसान ने बताया कि धान उपार्जन केंद्रों में अब व्यवस्थाएं पहले की तुलना में काफी बेहतर हो गई हैं। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। न तो लाइन में लगने की जरूरत होती है और न ही अनावश्यक इंतजार करना पड़ता है। सभी किसान अपने निर्धारित टोकन के अनुसार तय दिन पर आकर आसानी से धान विक्रय कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि धान विक्रय के कुछ ही दिनों के भीतर भुगतान सीधे खाते में जमा हो जाता है, जो किसानों के लिए एक बड़ी सहूलियत है। शासन की इस पारदर्शी और

# पी.एम.ए.वाई. के 122 हितग्राहियों को निगम ने किया 93 लाख 73 हजार रू. का भुगतान

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत वर्तमान में 122 हितग्राहियों को कुल 93 लाख 73 हजार रूपये का भुगतान किया गया है। निगम द्वारा हितग्राहियों के बैंक खातों में यह राशि सीधे अंतरित कर दी गई है, साथ ही निगम द्वारा संबंधित हितग्राहियों से कहा गया है कि वे आवास निर्माण कार्यो में तेजी लाते हुए समयसीमा में आवासगृहों का निर्माण कार्य पूरा कराएं।

भारत सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का सफल क्रियान्वयन नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रान्तर्गत किया जा रहा है, इसके तहत पात्र हितग्राहियों का चयन कर इन हितग्राहियों को पक्का आवास उपलब्ध कराने एवं भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना का अधिकाधिक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने की दिशा में भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के तहत निरंतर आवश्यक कार्यवाही निगम द्वारा कराई जा रही है। हितग्राहियों को समय पर सभी किश्तों का भुगतान हो, यह भी सुनिश्चित कराया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के 122 हितग्राहियों को वर्तमान में 93 लाख 73 हजार रूपये का भुगतान किया गया है तथा यह राशि संबंधित हितग्राहियों के बैंक खातों में सीधे अंतरित कर दी गई है।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने पी.एम.ए.वाई. के इन हितग्राहियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निर्धारित समयसीमा 18 माह की अवधि के अंदर अपने आवास का निर्माण कार्य पूरा करें तथा राज्य सरकार की महती योजना मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान योजना के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली 32850 रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त करें। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री गृहप्रवेश सम्मान योजना का क्रियान्वयन कर पी.एम.ए.वाई. के ऐसे हितग्राहियों को 32850 रूपये की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान किए जाने का प्रावधान किया गया है, जिन हितग्राहियों द्वारा 18 माह के अंदर अपने आवासगृह का निर्माण पूर्ण कर लिया जाता है।

## चुनावी द्वेष के कारण दो गुटों में हुई मारपीट

**कोरबा।** कोरबा जिले में स्थापित श्री श्याम मित्र मंडल का चुनाव आपत्तियों और विवादों के बीच निपट तो गया लेकिन द्वेष अब भी कायम है। चुनाव के मसले को लेकर श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष और पूर्व प्रत्याशी के समर्थक के बीच मारपीट की घटना हो गई। दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज करा दी है। घटना को लेकर श्री श्याम मित्र मंडल का माहौल एक बार फिर गर्म हो गया है। जानकारी के अनुसार एक पक्ष का प्रार्थी जो स्वर्ण सिटी दर्री रोड कोरबा में रहता है व चार्टर्ड एकाउन्टेट का कार्य करता है। उसके द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के मुताबिक वह घटना 16 दिसंबर के दोपहर 12 बजे श्री श्याम मित्र मंडल कोरबा के कार्यालय में था तो उसी समय अनमोल मोटर्स का संचालक कार्यालय में आया और कहा की श्री श्याम मित्र मंडल के चुनाव में उसके द्वारा समर्थित प्रत्याशी को लगभग 75 मतों से पराजय का सामना करना पड़ा, इसी ईर्ष्या द्वेष में आकर उसके द्वारा गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देकर पास में पड़े टोकरी को उसके ऊपर फेंक दिया। घटना की रिपोर्ट पर धारा 296, 351(3) बीएनएस के तहत उसके विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया गया है।

## कल्पतरु का आश्रय लेकर वैश्विक स्तर पर हो रही भागवत कथाएं

### पंडित श्यामसुंदर ने की मीडिया से बातचीत



**कोरबा।** पंडित श्याम सुंदर महाराज ने कहा कि कल्पतरु भागवत का आश्रय लेकर अधिकांश कथाकार भगवान की महिमा लोगों तक पहुंचा रहे हैं। पाकिस्तान में उर्दू संस्करण और ऑस्ट्रेलिया में शिखा देवी ने अंग्रेजी - संस्करण इसी से तैयार किया है और वह इस कार्य में जुटी हुए है। ऐसा तब हो सका है जब भगवत कृपा किसी पर होती है।कोरबा जिले के दीपका में श्रीमद् भागवत कथा में पहुंचे ग्वालियर निवासी - श्यामसुंदर महाराज ने बताया कि उनके परिवार में पिता या पितामह कथा की परंपरा से कभी नहीं जुड़े। वे वृंदावन में संतगणों के सानिध्य में आए मैं और फिर इस परंपरा का हिस्सा बने। 16 वर्ष की आयु से उन्होंने भागवत कथा करना प्रारंभ किया।उन्होंने बताया कि उनके लिखित कल्पतरु का आश्रय लेकर देश के अधिकांश कथावाचक बड़े प्लेटफार्म पर आयोजन को करते है। यह अच्छी बात है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि बड़े विद्वानों ने भागवत कथा की दिशा में महत्वपूर्ण काम करने पर विद्वत मार्तण्ड, महामहोपाध्याय, रसेस सहित कई उपाधियां प्रदान की है। श्रीमद् भागवत कथा की महिमा और उपयोगिता के समसामयिक संदर्भ में उसकी आवश्यकता के विषय पर पीएचडी करने वाले पंडित श्याम सुंदर महाराज ने कहा कि भागवत कृपा की प्राप्ति होने पर व्यक्ति फर्श से अर्श तक पहुंच सकता है और व्यक्ति को प्रसिद्धि दिला सकता है। उन्हें इस बात को खुशी है कि कल्पतरु का आश्रय लेकर भारत सहित विदेशों में भागवत कथा का वाचन हो रहा है और असंख्य लोगों तक यह महिमा पहुंच रही है।

## देवपहरी में वनभोज और मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित



**कोरबा ।** मुकुटधर साहित्य समिति कोरबा के साहित्यकारों ने देवपहरी के प्राकृतिक वातावरण में पारिवारिक मिलन समारोह और वनभोज का का कार्यक्रम आयोजित किया। बस यात्रा के दौरान नाचते-गाते साहित्यकार देवपहरी पहुंचे। जहां बड़ी संख्या में सैलानियों की चहल-पहल और प्राकृतिक छटा ने कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया।

चाय-नाश्ते के बाद सभी परिवारजन गोविंदझुझा जलप्रपात की ओर गए, जहां झरनों की कल-कल ध्वनि और नदियों-पहाड़ों की सुंदरता ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सिद्धिदात्री माता के दर्शन और आश्रम के बच्चों से मिलन ने इस यात्रा को और भी भावपूर्ण बना दिया। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए विविध खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें विजेताओं को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आकर्षक उपहार प्रदान किए गए। अंत में हाउजी खेल ने सभी को एक साथ जोड़ दिया। खेल संचालन का दायित्व डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, लता चंद्रा, जितेंद्र कुमार वर्मा और जगदीश श्रीवास ने निभाया।

युनूस संरक्षक जनाब दानियालपुरी और कमलेश यादव ने कहा कि ऐसे आयोजन से परिवारों के बीच जुड़ाव बढ़ता है। समय समय पर ऐसी पहल होती रहनी चाहिए। अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल और सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वीणा मिस्त्री, निर्मला ब्राह्मणी, किरण सोनी, कविता जैन, रश्मि श्रीवास, पूरनचंद पटेल, फिरोजा खान, शिवानंद श्रीवास्तव, शनी प्रधान, रशीदा मारकंडेय, भुनेश्वर देवांगन, लखनी साहू, सरस्वती श्रीवास, विनोद कुमार सिंह, मनीष मुसाफिर, गार्गी चटर्जी, भारती चौरसिया, शिवकुमार साहू, एकांश साहू, अभिजीत यादव, डॉ. मंजुला साहू, बलराम राठौर आदि साहित्यकार उपस्थित रहे। सबने अपने अपने अनुभव साझा किए, आभार दिलीप अग्रवाल ने ज्ञापित किया।

# सभापति ने छात्रों को पढ़ाया पाठ





**कोरबा ।** कोरबा अंचल के पुरानी बस्ती स्थित प्राथमिक, माध्यमिक शाला में आयोजित मेडिकल कैंप केवल स्वास्थ्य सेवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि समाज को सोचने पर मजबूर करने वाला एक गहरा संदेश देकर गया। नगर निगम कोरबा के सभापति एवं वार्ड पार्षद नूतन सिंह ठाकुर के सहयोग से सिटी डेंटल केयर और राम सुपर स्पेशलिस्ट आई केयर की टीम द्वारा लगाए गए इस शिविर में विद्यार्थियों के साथ-साथ वार्ड के नागरिकों की जांच कर उन्हें आवश्यक सलाह दी गई। कार्यक्रम के दौरान वह क्षण सबसे अधिक भावुक और प्रेरक रहा जब सभापति नूतन सिंह ठाकुर औपचारिकता छोड़ सीधे कक्षा में पहुंचे और छात्रों के बीच बैठकर पढ़ाने लगे। सवाल-जवाब के दौरान उन्होंने बच्चों में छिपी प्रतिभा को पहचाना और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। यह दृश्य इस बात का प्रतीक बन गया कि सच्चा नेतृत्व मंच से नहीं जमीन से जुड़कर काम करता है। इस अवसर पर उन्होंने कहा की 'गरीब बच्चों की शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। जब एक गरीब बच्चा पढ़ता है, तो केवल उसका नहीं, पूरे समाज और देश का भविष्य संवरता है।' उन्होंने समाज के हर सक्षम व्यक्ति से आह्वान करते हुए कहा कि यदि लोग महीने में केवल 4-6 दिन शासकीय विद्यालयो को समय दें, तो शिक्षा की तस्वीर बदली जा सकती है। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सको ने आंखों और दांतों की जांच कर बच्चों व नागरिकों को जागरूक किया। विद्यालय परिसर में उपस्थित अभिभावकों और वार्डवासियों ने इस पहल की सराहना की। आज जब शिक्षा केवल आंकड़ों, योजनाओं और घोषणाओं तक सीमित होती जा रही

## प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग के उपयोग पर हुई कार्यवाही

**कोरबा ।** नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत प्रेमनगर स्थित पान दुकान, जनरल स्टोर व फल दुकानों में प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते हुए पाए जाने पर संबंधित दुकान संचालकों को 1200 रूपये का अर्थदंड आरोपित किया गया, साथ ही निगम अमले द्वारा उन्हें कड़ी हिदायत दी गई कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग, डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्रियों का उपयोग न करें अन्यथा और अधिक कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शासन द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल व इससे बनी अन्य सामग्री के उपयोग को रोकने के लिए नगर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है, निगम के संबंधित अधिकारी कर्मचारी दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर रहे हैं तथा निरीक्षण के दौरान यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग डिस्पोजल आदि का उपयोग विक्रय, भंडारण आदि पाया जाता है, तो संबंधित दुकान संचालकों पर अर्थदंड आरोपित करने व प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की जाती है। इसी कड़ी में नगर निगम के सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत निगम अमले द्वारा विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया, इस दौरान वहां पर स्थित पान ठेले, जनरल स्टोर व फल ठेले पर प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग करते पाया गया, जिस पर कार्यवाही करते हुए इन संबंधित दुकानदारों पर निगम अमले ने 1200 रूपये का अर्थदंड लगाया, उन्हें कड़ी हिदायत दी कि वे प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरीबैग का उपयोग दुकानों में न करे तथा वैकल्पिक सामग्रियों का उपयोग में लायें।

इसी प्रकार नगर निगम के अतिक्रमण दस्ते ने बालको जोनांतर्गत वार्ड क्र. 38 लालघाट अमरसिंह होटल के पीछे स्थित आंगनबाड़ी के सामने हो रहे अवैध निर्माण को बंद कराया गया तथा संबंधित अवैध निर्माणकर्ता को नोटिस जारी की गई। वहीं वार्ड क्र. 36 रिसदी में भी अतिक्रमण दस्ते ने किए गए जा रहे अवैध निर्माण को रोका तथा चित्रा टाकिज के सामने लगाए गए अवैध ठेलों पर कार्यवाही करते हुए संबंधित ठेला संचालकों को नोटिस जारी की गई तथा समयसीमा के अंदर ठेलों को वहाँ से हटाने के निर्देश दिए गए।

## गुरूघासीदास जयंती पर पूर्व मंत्री अग्रवाल ने दी बधाई

**कोरबा।** गुरूघासीदास जयंती पर्व के अवसर पर क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की संत परम्परा में गुरू घासीदास का नाम अत्यधिक प्रतिष्ठित है। 18 दिसम्बर 1756 को रायपुर जिला के ग्राम गिरौद में इनका जन्म हुआ। बचपन से ही इनके हृदय में वैराग्य के भाव परिलक्षित होने लगा था।युवा अवस्था में आते ही गिरौद के छाता पहाड़ पर एक वृक्ष के नीचे तपस्या कर इन्होने सतनाम को आत्मसात किया और भण्डारपुरी आकर सतनाम का उपदेश देना प्रारंभ किया। इनके उपदेशों से समाज के असहाय लोगों में आत्मविश्वास, व्यक्तित्व की पहचान और अन्याय से जूझने की शक्ति का संचार हुआ।गुरु घासीदास आधुनिक युग के सशक्त क्रांतिदर्शी गुरु के रूप में जाने जाते हैं। इनके जीवन दर्शन में सत्य, अहिंसा, करुणा तथा जीवन का ध्येय उदात्त रूप से प्रकट होता है। गुरूघासीदास का जीवन दर्शन युगों तक मानवता का संदेश देता रहेगा।छत्तीसगढ़ शासन ने उनकी स्मृति में सामाजिक चेतना एवं सामाजिक न्याय के क्षेत्र में गुरूघासीदास सम्मान स्थापित किया है। इस सम्मान के तहत वर्ष 2001 से प्रतिवर्ष इस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले व्यक्ति को यह सम्मान दिया जाता है।

## भाजपा कार्यालय का घेराव करेंगे कांग्रेसी

**कोरबा ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार, नेशनल हेराल्ड मामले में ई. डी. द्वारा दर्ज एफआईआर को अदालत द्वारा रद्द किया जाना 'सत्य की जीत' है और इसे मोदी-शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्र का हिस्सा बताते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा देश के प्रदेश एवं जिला मुख्यालयों में भारतीय जनता पार्टी कार्यालय का घेराव किये जाने का निर्णय लिया है । इसी तारतम्य में जन आंदोलन/प्रदर्शन, जिला भाजपा कार्यालय का दिनांक 18 दिसम्बर 2025, दिन गुरूवार को सायं 3 बजे, स्थान - जिला भाजपा कार्यालय, टी पी नगर, कोरबा में किया जावेगा ।
उपरोक्तानुसार जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार राठौर ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम हेतु जिला कांग्रेस, ब्लाक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल, युथ कांग्रेस, एनएसयूआई, समस्त पार्षदगण, समस्त पूर्व पार्षदगण, एल्डरमेन, जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधिगणों सहित समस्त प्रकोष्ठो एवं इंटक परिवार के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यो एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में आमंत्रित किया है।

## भूविस्थापितों ने 4 घण्टे खदान बंद एवं एसईसीएल गेवरा मुख्यालय का घेराव कर किया उग्र प्रदर्शन

**कोरबा।** एसईसीएल के कुसमुंडा, गेवरा, दीपका, कोरबा क्षेत्र के प्रभावित गांव के भू विस्थापितों ने छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में अर्जन के बाद जन्म,छोटे खातेदारों को रोजगार एवं लंबित रोजगार की प्रकरणों का निराकरण कर सभी खातेदारों को रोजगार देने,आउट सोर्सिंग कार्यों में प्रभावित गांव के बेरोजगारों को 100% रोजगार देने की मांग को लेकर सुबह से ही गेवरा खदान के अंदर तीन जगहों में कोल उत्पादन बंद कर दिया एवं रैली निकाल कर एसईसीएल गेवरा मुख्यालय के दोनों मुख्य द्वार को बंद कर घेराव प्रदर्शन किया। एसईसीएल द्वारा प्रभावितों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लेने पर प्रदर्शनकारी द्वारा अनिश्चितकालीन बैठने की घोषणा कर नारेबाजी करने लगे घेराव को रोकने के लिए दो मुख्य गेट में बेरिकेटिंग की गई थी ।आंदोलन से पीछे नहीं हटने पर एसईसीएल ने लिखित में बिलासपुर मुख्यालय में बैठक आयोजित कर समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया उसके बाद आंदोलन समाप्त हुआ। आंदोलन का नेतृत्व जवाहर सिंह कंवर और दीपक साहू ने किया ।किसान सभा ने कहा कि मांगो पर आगे सकात्मक पहल नहीं हुआ तो 30 दिसंबर को कुसमुंडा क्षेत्र में प्रदर्शन और खदान बंद किया जायेगा। किसान सभा ने आगे के आंदोलन के लिए नोटिस पहले ही अधिकारियों को थमा दिया ।किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा की सभी भू विस्थापित किसानों जिनकी जमीन एसईसीएल ने अधिग्रहण किया है उन सभी खाते पर भू विस्थापितों को स्थाई रोजगार एसईसीएल को देना होगा। विकास परियोजना के नाम पर गरीबों को सपने दिखा कर करोड़ों लोगों को विस्थापित किया गया है अपने पुनर्वास और रोजगार के लिये भू विस्थापित परिवार आज भी भटक रहे हैं। अब गुमराह करने का प्रयास एसईसीएल बंद करे नहीं तो आगे खदानों में और उग्र आंदोलन होगा।

किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि पुराने लंबित रोजगार को लेकर एसईसीएल गंभीर नहीं है। किसानों को छोटे बड़े खातेदार के नाम पर बांटा जा रहा है किसानों की एकता में फुट डालने का काम एसईसीएल और आउट सोर्सिंग कंपनियों द्वारा किया जा रहा है छोटे खातेदारों को रोजगार से वंचित किया गया है और आउट सोर्सिंग कार्यों में भी प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाया है।भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के दामोदर श्याम,रेशम यादव, सुमेंद्र सिंह ने कहा कि1978 से लेकर 2004 के मध्य कोयला खनन के लिए जमीन को अधिग्रहित किया गया है लेकिन तब से अब तक विस्थापित ग्रामीणों को न रोजगार दिया गया है न पुनर्वास ऐसे प्रभावितों की संख्या सैकड़ों में है। सभी को रोजगार देना होगाखदान बंद और घेराव में मुख्य रूप से जनपद सदस्य नेहा तंवर,दिग्विजय, पुनी राम,विजय, शरद,बग्गू सिंह,त्रिवेंद्र,सूरज,सरपंच रलिया विष्णु सिंह बिंझवार,पूर्व सरपंच बेबी सिंह तंवर,रमेश पोड़ी, संतोष राठौर भटोरा,विनोद,राजेंद्र,तुलेश,हीरा सिंह,सोनू, विवेक दास,भीम, बबिता,राजकुमारी, सुकृता, इंदु, फुल सुंदरी,दीनानाथ, नरेश, नारायण, डूमन, चंद्रशेखर के साथ बड़ी संख्या में चारों क्षेत्र के भू विस्थापित उपस्थित थे।

## सुमित्रा देवी का निधन

**कोरबा।** महाराणा प्रताप नगर तिफरा निवासी स्व. हरिद्वार सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी का बुधवार 17 दिसंबर की शाम 6 बजे 90 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। वे विष्णु प्रताप सिंह, त्रिभुवन सिंह, राकेश कुमार सिंह, सरस्वती उच्चतर माध्यम विद्यालय सीएसईबी कोरबा पूर्व में भौतिक शास्त्र के व्याख्याता सतीश कुमार सिंह की मां एवं नवभारत रायपुर के कर्मी संजय सिंह की बड़ी मां हैं। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से यदुनंदन नगर स्थित मुक्तिधाम के लिए दोपहर 1:00 बजे निकलेगी। अंतिम संस्कार बिलासपुर स्थित स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय का ग्राम झगरहा में बनेगा भवन

**कोरबा ।** गवर्नमेंट स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय को अगले कुछ वर्षों में अपना स्वयं का भवन मिल जाएगा। महाविद्यालय प्रबंधन ने 3 साल पहले शासन से 5 एकड़ जमीन की आवश्यकता बतायी थी।

जिस पर जिला प्रशासन ने अपनी मुहर लगाते हुए संबंधित विभागों को जमीन की तलाश के लिए कहा था। तलाश पूरी होने के साथ ही जिला प्रशासन ने अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय के लिए चाही गई जमीन के आवंटन की वैधानिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। भवन के लिए जमीन का चिन्हांकन ग्राम झगरहा में कर लिया गया है। वहीं दो साल पहले ही उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेज भवन के लिए राशि की मंजूरी दे दी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित जिले का एक मात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय है जिसे स्वामी आत्मानंद का नाम दिया गया है। महाविद्यालय शुरू करने के निर्देश के साथ ही अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी बिलासपुर ने मान्यता भी दे दी थी। जिसके बाद यह कॉलेज वर्ष 2023-24 में अस्तित्व में आ गया। इस वर्ष तीसरा सत्र चल रहा है और अंग्रेजी माध्यम के इस महाविद्यालय में छात्रों की संख्या साल दर साल बढ़ रही है। जिसे देखते हुए जिला प्रशासन ने राजस्व अमले को जमीन की तलाश गंभीरता से करने कहा था। निर्देश मिलने के बाद राजस्व अमले ने जमीन का चिन्हांन करते हुए आवंटन की प्रक्रिया तेज कर दी है। जिले में नए खुले गवर्नमेंट कॉलेज जटगा, गवर्नमेंट कॉलेज बांकीमोंगरा, गवर्नमेंट कॉलेज उमरेली, गवर्नमेंट कॉलेज रामपुर को भी अपने भवन का इंतजार रहेगा। इन कॉलेजों के लिए अब तक जगह ही नहीं मिल पायी है। नए कॉलेजों में सबसे पुराना गवर्नमेंट कॉलेज जटगा है। जिसे 6 साल पूरा हो चुके हैं,

# ठिठुरन भरी ठंड से बचने लोग नगर निगम के अलाव का ले रहे सहारा

### नगर निगम द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों में जलाए जा रहे अलाव

**कोरबा ।** कोरबा नगर पालिक निगम द्वारा अपने सभी जोन के प्रमुख चौक-चौराहों, अधिक आवाजाही वाले स्थानों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि सहित अन्य प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं, लगातार बढ़ रही ठिठुरन भरी ठंड के इस मौसम में नगर निगम के अलाव लोगों को ठंड से बचने हेतु सहारा बन रहे हैं।

बढ़ती ठंड को देखते हुए कोरबा नगर निगम महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय द्वारा राहगीरों, नागरिकों को अलाव सुविधा उपलब्ध कराने के मद्देनजर निगम क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थानों तथा ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों में रात्रि के समय अलाव जलाए जाने के निर्देश निगम के जोन अधिकारियों को दिए गए थे, जिसके तहत निगम द्वारा कोरबा शहर तथा उसके उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न चौक-चौराहों व सार्वजनिक स्थानों, बस स्टैंड रेलवे स्टेशन आदि में विगत 15 दिनों से शाम होते ही प्रतिदिन अलाव जलाए जा रहे हैं, ठंड से बचने के लिए लोग इन अलावों का सहारा ले रहे हैं।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा रेलवे स्टेशन कोरबा, पुराना बस स्टैंड, चिमनी भटठा, टी.पी. नगर चौक, नया बस स्टैंड, स्टेडियम गेट चौक, सी.एस.ई.बी. चौक, महाराणा प्रताप चौक बुधवारी, नीलाम्बरी चौक, एस.पी. आफिस तिराहा, जैन चौक, निहारिका सुभाष चौक, गुरू घांसीदास चौक, मुड़ापार बाजार, घंटाघर, बस स्टैंड बालको, अमरसिंह होटल के पास बालको, परसाभाठा बाजार, एन.टी.पी.सी. गेट जमनीपाली, सिंधिया चौक दर्री, सरदार पटेलनगर पेट्रोल पंप, जैलगांव चौक, गेवरा चौक, विकासनगर बाजार के पास, इमलीछापर चौक सहित अन्य स्थानों में अलाव जलाए जा रहे हैं।

# ई-केवायसी का टेंशन, समिति और बैंक का चक्कर लगा रहे किसान

**जांजगीर-चांपा।** जिला सहकारी बैंक के खाताधारक किसानों को कही चैन नहीं मिल पा रहा है। दरअसल धान बेचने के लिए किसान जहां समिति में पसीना बहा रहे है। वहीं जिला सहकारी बैंक में ई ई केवायसी कराने की प्रक्रिया में माथापच्ची हो रही है। सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों को हो रही है, जिन्होंने धान बेचा है और ई केवायसी नहीं होने के कारण उनका भुगतान नहीं हो पा रहा है।

अकलतरा, गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के जिला सहकारी बैंकों में इन दिनो ई केवायसी कराने किसानों की भारी भीड़ देखी जा रही है। जिले के जांजगीर, चाम्पा, पामगढ, बलौदा, नवागढ़ सहित एक दर्जन से अधिक जिला सहकारी बैंकों में किसान सुबह से पहुंच रहे है। समर्थन मूल्य पर धान बेचने के बाद किसानों के खाते में राशि आती है, जिन किसानों के



बैंक खातों का ई केवायसी अपडेट नहीं होगा उनको राशि ट्रांसफर के समय समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यही वजह है कि किसान इन दिनों समिति में धान बेचने के लिए मशक्कत तो कर ही रहे है। इसके साथ ही जिला सहकारी बैंक में ई केवायसी कराने की परेशानी बढ़ गई है। बुधवार 17 दिसम्बर को जिला सहकारी बैंक जांजगीर में कुछ इसी तरह की स्थिति देखने को मिली। यहां ईकेवायसी कराने के लिए बैंक खुलने के बाद से ही किसानों की भारी भीड़ देखी गई। जांजगीर सहकारी बैंक के अंतर्गत 50 से अधिक गांवों के किसान आते है। वहीं करीब 22 हजार से भी अधिक बैंक खाता धारक किसान है जो सहकारी बैंक के माध्यम से राशि जमा एवं आहरण करने का काम करते है, लेकिन दुसरी ओर खाता धारको को ईकेवायसी कराने के लिए काफी मशक्कत करनी पड जा रही है। इसी तरह की भीड़ चाम्पा जिला सहकारी बैंक में भी देखने को मिल रही है। ईकेवायसी कराने के लिए बैंक खाता, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर सहित अन्य तरह का दस्तावेज आवश्यक रहता है। इसके अलावा बैंक खातो में किसी भी तरह के फर्जीवाडे को रोकने के भी ईकेवायसी कराना आवश्यक हो गया है। ऐसे में ईकेवायसी कराने के लिए किसानों को अपने खेतो का काम छोड़कर ईकेवायसी कराने के लिए बैंको का चक्कर लगाने की मजबूरी हो गई है।

**ज्यादातर किसानों के पास एटीएम कार्ड नहीं**

आज के बदलते परिवेश में जहां बैंको की पूरी व्यवस्था आनलाइन संचालित हो रही है। उसके बाद भी जिला सहकारी बैंको की स्थिति जस की तस चनी हुई है। बैंक में एटीएम सुविधा किसानी के लिए बनाई गई है। इसके साथ भी ज्यादातर किसानों के पास एटीएम कार्ड नहीं है। ऐसे में किसानों को धान बेचने के बाद अपनी ही जमा राशि पाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं उनके पास एटीएम की सुविधा नहीं हो पाने के चलते जमा राशि निकालने के लिए बैंको में घंटो इतजार भी करना पड़ता है। जांजगीर जिला सह?कारी बैंक में ही 22 हजार से भी अधिक खाता धारक किसान है, लेकिन करीब 40 फिसदी से भी अधिक किसानों के पास एटीएम कार्ड तक बही है है।

**ईकेवायसी कराना जरूरी**

किसानों को अपना बैंक खाता संचालन को लेकर ईकवावली कराना जरूरी है। ईकेवायसी कराने को लेकर शाखा प्रबंधक एवं सेवा सहकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। उक्त कार्य नहीं कराने की स्थिति में किसानों को लेनदेन के दौरान दिक्कत हो सकती है।

नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

– अमित साहू

## जिले में साढ़े 11 महीने में गई 218 जानें

**जांजगीर-चांपा।** वर्ष 2025 की विदाई में अब दो सप्ताह का समय भी शेष नहीं रह गया है। ऐसे में सड़क दुर्घटना के आंकड़ों पर नजर डाली जाए तो बीते 11 महीने और 16 दिनों में सड़क हादसो में 218 लोगों की जानें गई है, जबकि 397 लोग घायल हुए है। इस तरह से औसतन हर सप्ताह 4 से 5 लोग असमय काल के गाल में समा गए।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले में सड़क हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहा है। जनवरी 2025 से अब तक सडक हादसो के 490 मामले सामने आ चुके है। इनमें 218 लोगो की मौत एवं 397 लोगो के घायल होने के मामले सामने आ चुके है। इसके बावजूद लोगो के साथ साथ कई वाहन चालक भी यातायात नियमो का पालन नही करते जिसके चलते सडक हादसे लगातार बढ रहे है। औसतन देखा जाए तो हर दुसरे दिन सडक हादसो में लोगो की मौत का मामला सामने आ रहा है। एक तरफ तो पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के द्वारा लोगो को दुर्घटना से बचाव को लेकर जगह जगह दुर्घटना रोकने को लेकर होर्डिंग लगाकर लोगो को सडक पर चलते समय यातायात नियमो की जानकारी भी प्रदान की जा रही है। लेकिन वाहन चालक एवं लोगो के सडको पर चलने के दौरान यातायात नियमो का पालन नहीं करने की स्थिती में सडक हादसों की संख्या बढ़ रही है। नवम्बर महीने में सडक हादसो के दौरान जिला मुख्यालय जांजगीर लगे ग्राम सुकली मोड के पास एक से लक ने तेज रसार ट्रक के चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बारात से वापस लौट रहे कार को ठोकर मार दी थी। इस घटना में नवागढ निवासी सेना के जवान समेत 5 लोगो की मौत हुई। इस घटना के बाद आरोपी वाहन चालक को गिरसार कर जेल भेज दिया गया। इसी प्रकार नवम्बर महीने के दौरान ही मुलमुला थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर की ओर जा रही बस एवं बिलासपुर तरफ से शिवरीनारायण की ओर आ रही कार में भिडंत हो गई थी। इस घटना मे %बस में में सवार डेढ दर्जन से अधिक लोगो के साथ साथ कार में सवार करीब तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

घटना के बाद सभी घायल करीब 21 लोगो को उपचार के लिए पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र में भर्ती कराया गया था। नवम्बर महीने के दौरान ही बाइक सवार छात्र को कैप्सूल वाहन ने कुचल दिया था। इस घटना में मुलमुला थाना क्षेत्र के नगर पंचायत नरियरा निवासी छात्र अतुल साहू पिता जयकुमार साहू की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। इस घटना को लेकर परिजनो एवं नगर वासियो ने आंदोलन किया था। इसी प्रकार अकलतरा क्षेत्र के पडरिया मे बुधवार 5 नवम्बर को पिकनिक से वापस घर लौटते ग्रामिणो की पीकप वाहन अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट गई थी। इस घटना मे %पिकप में सवार 7 लोग घायल हो गए थे। जिन्हे उपचार के लिए सीएससी अकलतरा में भर्ती कराया गया था।

## साहित्यकार रमेश सिंघानिया साहित्य रत्न से हुए सम्मानित

**बाराद्वार।** नगर के प्रतिष्ठित साहित्यकार, सजलकार रमेश सिंघानिया को काव्य कलश साहित्य एवं कला मंच खरसिया द्वारा आयोजित समारोह में रविवार 14 दिसंबर को साहित्य रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम खरसिया नगर पालिकाध्यक्ष कमल गर्ग के मुख्य आतिथ्य एवं उपाध्यक्ष अवधनारायण सोनी, रायपुर के रामेश्वर शर्मा के अतिरिक्त अन्य विशिष्ट जनों के आतिथ्य में खरसिया के लखीराम ऑडिटोरियम में हुआ। अध्यक्ष कमल गर्ग ने इस अवसर पर अपना प्रेरणास्पद संबोधन दिया। आयोजित कवि सम्मेलन में लखनऊ से संध्या त्रिपाठी, योगेश चौहान, रायपुर से रमेश विश्वहार, महेंद्र बेजुबां तथा अंचल के 50 से अधिक कवि आए हुए थे। मुख्य अतिथि कमल गर्ग द्वारा साहित्यकारों को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किए जाने के बाद कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ, जो शाम 6.30 बजे तक चला। जिसमें सभी कवियों ने अपनी प्रभाव पूर्ण प्रस्तुति दी। सिंघानिया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भी थे। उन्होंने अपनी रचना प्रस्तुत भी की।

# दुष्कर्म कर हत्या करने वाले आरोपी को कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

**जांजगीर चांपा।** पीड़िता का अपहरण कर दुष्कर्म कर हत्या करने वाला आरोपी को विशेष न्यायाधीश (एसटी, एससी) सुनीता साहू ने मृत्युदंड की सजा सुनाई है। साथ ही 1000 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

अभियोजन के अनुसार पीड़िता बेमेतरा में भृत्य के पद पर कार्यरत थी। वह छुट्टी लेकर 9 अगस्त 2022 को अपने घर आई थी। 14 अगस्त 2022 की सुबह लगभग 9 बजे अपने घर से बेमेतरा जाने के लिए अपनी स्कूटी में निकली थी। सुबह के लगभग 11 बजे के बाद से पीड़िता का मोबाईल स्वीच आफ बता रहा था। रात तक बेमेतरा नहीं पहुंची थी। सूचना पर पुलिस ने गु इंसान दर्ज कर पतासाजी प्रारंभ की गई। मोबाईल नंबर के डिटेल्स प्राप्त किया गया। पीड़िता का मोबाईल नंबर 11 बजे के बाद स्वीच आफ होना पाया गया। मोबाईल नंबर के डिटेल्स एवं लोकेशन के अनुसार पलगड़ा घाटी जाना पाया गया।

विवेचना के दौरान पलगड़ा घाट प्रवेश द्वार के सीसीटीवी विडियो फुटेज चेक करने पर 14 अगस्त 2022 को 11.18 बजे बजे स्कूटी में एक लड़के के साथ गुमशुदा पीड़िता पीछे



बैठकर पलगड़ा घाटी की ओर जाते जाते दिख रही है तथा 12.04 बजे लड़का स्कूटी में अकेले वापस आता हुआ दिख रहा है। संदेही शंकर निषाद से पूछताछ कर मेमोरेण्डम कथन लिया गया। जो बताया कि ड़िता से बातचीत करता था। बाढ़ की वजह से कई जगह रास्ता बंद होने

बताउंगा कहकर पीड़िता को धोखे में रखकर भदरी चौक फगुरम बुलाया था। उसके बाद वह अपनी मोटर सायकल से तथा पीड़िता अपनी स्कूटी से दोनों भदरी चौक फगुरम् से खरसिया रेलवे स्टेशन गाए। आरोपी मोटर सायकल रेलवे स्टेशन खरसिया में खड़ी कर पीड़िता को उसी की स्कूटी में बैठाकर पलगडा जंगल ले गया। वहां पीडिता का हाथ स्कार्फ से बांधकर जबरन उसके साथ दुष्कर्म किया तथा गला दबाकर एवं ब्लेड से कलाईयों की नसे काटकर उसकी हत्या कर दिया। स्कूटी से अकेले रेलवे स्टेशन खरसिया आकर स्कूटी को खड़ीकर अपनी मोटर सायकल से अपने घर सुखदा वापस आ गया। पीड़िता का शव बरामद किया गया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन ने तर्क दिया कि जिस प्रकार से+ आरोपी द्वारा पीड़िता से दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है, वह निश्चित ही दंडनीय घटना है। अपराध की गंभीरता एवं विरल से विरलतम मामला होने के आधार पर अभियुक्त को मृत्युदण्ड से दंडित किए जाने का निवेदन किया। जिस पर विशेष न्यायाधीश (एसटी, एससी) जांजगीर सुनीता साहू ने आरोपी शंकर निषाद पिता रूप सिंह निषाद (25) निवासी ग्राम सुखदा थाना डभरा जिला सक्ती को धारा 376 एवं 302 के अपराध के लिए मृत्युदण्ड की सजा सुनाई गई। साथ ही 1000 रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर 1 माह का कठिन कारावास की सजा अलग से भुगतने का आदेश दिया गया है। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक (एक्ट्रोसिटी एक्ट) धीरज शुक्ला जांजगीर ने पैरवी की।

## जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ


**पामगढ़।** पामगढ़ में 35 ग्राम संगठन सहायिकाओं के तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ में जांजगीर-चांपा जिले सामुदायिक सशक्तिकरण की दिशा में सामुदायिक प्रबंधन प्रशिक्षण केंद्र (सीएमटीसी) का शुभारंभ ज्ञान गंगा संकुल संगठन पामगढ़ के कार्यालय परिसर चंडीपारा में किया गया।

प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने किया। प्रथम चरण में प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से विकासखंड पामगढ़ अंतर्गत कार्यरत 35 ग्राम संगठन सहायिकाओं के लिए तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यर म की शुरुआत की गई। केंद्र के माध्यम से भविष्य में जिले के ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों,समूहों एवं संगठनों के कार्यकर्ताओं को आवासीय एवं गैर-आवासीय प्रशिक्षण का लाभ प्रदान किया जाएगा, जिससे उनके कार्यकौशल, नेतृत्व क्षमता एवं प्रबंधन दक्षता में वृद्धि होगी। शुभारंभ कार्यक्रम में जिला एवं जनपद स्तर के जनप्रतिनिधियों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों तथा सामुदायिक संवर्गों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान संगवारी जेंडर संसाधन केंद्र पामगढ़ द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत महिला हिंसा एवं उत्पीड़न की रोकथाम को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रभावी संदेश दिया गया। इसके साथ ही जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों से समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की स्टॉल, प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका अतिथियों ने अवलोकन किया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान जिपं सदस्य प्रीति अजय दिव्य, यशवंत साहू, विश्वनाथ प्रताप यादव, धनंजय सिंह ठाकुर, गुलाब सिंह चंदेल सहित अन्य उपस्थित रहे।

# निष्काम भक्ति में भगवान स्वयं भक्त के हो जाते हैं : युगल शरण

**जांजगीर-चांपा।** ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 21 दिवसीय प्रवचन श्रृंखला के 18वें दिन पूज्य स्वामी युगल शरण ने भक्ति तत्त्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि शाखों में वर्णित अन्यभिलाषिताशून्य के आधार पर भक्त दो प्रकार के होते है सकाम और निष्काम। स्वामी जी ने बताया कि सकाम भक्त भी तीन श्रेणियों में आते हैं। पहली श्रेणी वे हैं, जिन्हें भगवान की प्राप्ति हो चुकी होती है, फिर भी यदि वे संसार की कामना करें तो भगवान उसे भी प्रदान कर देते हैं। दूसरी श्रेणी में वे भक्त आते हैं, जिन्हें भगवान अपनी इच्छा से कुछ सांसारिक सुख प्रदान करते हैं। तीसरी और श्रेष्ठ श्रेणी के सकाम भक्त वे होते हैं, जो संसार नहीं बल्कि श्रीकृष्ण को ही अपने

जीवन के संबंधों-पुत्र, पति या पिता-के रूप में चाहते हैं। ऐसे भक्तों की कामना भी श्रीकृष्ण से जुड़ी होती है, इसलिए वे सकाम



होते हुए भी उत्तम माने जाते हैं। निष्काम भक्ति की महिमा बताते हुए स्वामी जी ने कहा कि भगवान स्वयं कहते हैं जो निष्काम भाव से मेरी भक्ति करता है, मैं उसके हाथों बिक जाता हूँ। निष्काम प्रेम का अर्थ है अपनी इच्छा को भगवान की इच्छा में समर्पित कर देना। सेवा वही है, जिसमें सेवक की खुशी स्वामी की खुशी में निहित हो। उन्होंने कहा कि कर्म और ज्ञान को भक्ति की आवश्यकता होती है, परंतु भक्ति किसी पर आश्रित नहीं होती। भक्ति करने से ज्ञान और वैराग्य स्वत: प्रकट हो जाते हैं। साधक के लिए साधन भक्ति आवश्यक है, जिसके छह गुण बताए गए हैं-क्लेशों का नाश, शुभ फल प्रदान करना, मोक्ष को भी तुच्छ बना देना, दुर्लभता, सघन आनंद स्वरूप और श्रीकृष्ण को आकर्षित करने की क्षमता। प्रवचन में साधना अवस्था की दो विधियों- बैधी भक्ति और रागानुगा भक्ति- का भी उल्लेख किया गया। प्रवचन को सुनने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति तत्त्व की इस गूढ़ व्याख्या से स्वयं को भावविभोर अनुभव किया।

## 12 लीटर महुआ शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

**आमनदुला।** आबकारी वृत्त मालखरौदा में गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम आमनदुला में छापा मारकर अवैध महुआ शराब बरामद की गई। संतोष सोनवानी द्वारा घर में शराब बनाकर बेचने की जानकारी मिलने पर टीम ने कार्रवाई की। छापे में दो लीटर क्षमता वाली 6 प्लास्टिक बोतलों में भरी कुल 12 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। अवैध शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## गार्डन के सामने बह रहा गंदा पानी

**जांजगीर।** नगर के बीडी महंत गार्डन के सामने स्थित नाली का गंदा पानी इन दिनों सड़क पर बह रहा है। इससे आस-पास दुकान लगाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नाली की नियमित सफाई न होने और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, जिससे आसपास का वातावरण दूषित हो गया है। रोजाना यहां काफी लोग गुजरते हैं। – अभय सिंह

## डीईओ ऑफिस में की बहस व्याख्याता को मिला नोटिस

**जांजगीर।** जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में बुधवार को व्याख्याता के साथ हुई गरमागरम बहस ने प्रशासनिक माहौल को तनावपूर्ण बना दिया। मामले में व्याख्याता को नो?टिस जारी किया गया है। व्याख्याता ने डीईओ कक्ष में अनर्गल शब्दों का प्रयोग करते हुए अधिकारी से ऊंची आवाज में विवाद किया। इसके बाद कथित रूप से व्याख्याता ने लगातार फोन कॉल करके डीईओ को परेशान किया और आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग किया।

## कलम बंद-काम बंद आंदोलन को मिल रहा समर्थन

**चांपा।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, जिला शाखा जांजगीर-चांपा के तत्वावधान में तृतीय चरण के अंतर्गत 29 से 31 दिसंबर तक प्रस्तावित जिला स्तरीय कलम बंद-काम बंद आंदोलन के समर्थन में सघन संपर्क एवं समर्थन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत बम्हनीडीह ब्लॉक के तहसील, शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य तथा महिला एवं बाल विकास विभागों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से प्रत्यक्ष संपर्क कर आंदोलन के उद्देश्यों की जानकारी दी गई, जहां कर्मचारियों ने मांगों को न्यायसंगत बताते हुए आंदोलन को अपना समर्थन प्रदान किया। चांपा नगर स्थित अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय, तहसील कार्यालय एवं वन मंडलाधिकारी कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों से भेंट कर सहयोग एवं समर्थन प्राप्त किया गया। कर्मचारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## समय प्रबंधन, संस्कार तथा सतत परिश्रम सफलता का मूल मंत्र है :सौरभ

**अकलतरा।** एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला अकलतरा राष्ट्रीय सेवा योजना महिला एवं पुरुष इकाई द्वारा नशा मुक्त समाज के लिए युवा विषय पर ग्राम कटघरी में सात दिवसीय विशेष शिविर आयोजित किया गया है विशेष शिविर के तृतीय दिवस पर बौद्धिक सत्र में अध्यक्ष खनिज एवं विकास निगम छत्तीसगढ़ शासन सौरभ सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने कहा कि समय प्रबंधन, संस्कार तथा सतत परिश्रम को सफलता का मूल मंत्र है। बौद्धिक सत्र में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ कोमल शुक्ला प्राध्यापक टी सी एल महाविद्यालय, दीपक यादव व्याख्यात्ला शाउमावि शाला मड़वा, अनुभव तिवारी केशव मूर्ति सिंह, अजय अग्रवाल एवं अजय राठौर ने अपने विषय में उद्बोधन दिया। बौद्धिक गोष्टी के अंत में सभी अतिथियों का शाल से सम्मान किया गया। रात्रि कालीन कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती वर्षा यादव एवं आभार प्रदर्शन पुरुष कार्यक्रम अधिकारी आर के पांडे ने किया।



## अफरीद सड़क जर्जर राहगीरों की मुश्किलें बढ़ीं

**अफरीद।** बिर्रा-चांपा मुख्य मार्ग से जुड़ने वाला अफरीद पहुंच मार्ग पिछले दो वर्षों से गड्ढों और खराब हालत में है। इस सड़क पर रोजाना गुजरने वाले स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और आम राहगीर बड़े खतरे में हैं। बारिश के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे वाहन चालकों को फिसलन और दुर्घटना का डर बना रहता है। पैदल चलने वालों को भी बार-बार धक्का-मुक्की और चोट लगने का डर सताता है। गांववासियों का कहना है कि सड़क की हालत इतनी खराब होने के बावजूद मरम्मत का काम केवल आधे हिस्से तक सीमित रखा गया है। मुख्य मार्ग से अरविंद इंडस्ट्रीज तक ही डामरीकरण होगा, जबकि शेष सड़क पर सिर्फ पैचवर्क किया जाएगा। यह आधी राहत पूरे गांव के लिए किसी काम की नहीं। पीडब्ल्यूडी के सब इंजीनियर का कहना है कि सीमित फंड के चलते पूरी सड़क का डामरीकरण संभव नहीं।

# गड्ढों व उखड़ी गिट्टियों से सड़क पर आवागमन मुश्किल, मरम्मत की मांग

**देवरी-सारागांव।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी से अमरुवा तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2020 में निर्मित सड़क आज अपनी बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों की परेशानी का कारण बनी हुई है। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा निर्मित यह सड़क अब पूरी तरह जर्जर हो चुकी है।

निर्माण के महज कुछ वर्षों के भीतर ही सड़क की हालत इतनी खराब हो जाना विभागीय कार्यप्रणाली और निर्माण गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर रहा है। ग्रामीणों के अनुसार बीते लगभग पांच वर्षों में इस सड़क की कई बार मरम्मत कराई गई, लेकिन हर बार मरम्मत के कुछ ही महीनों बाद सड़क फिर से उखड़ जाती है। वर्तमान में सड़क पर डामरीकरण कई स्थानों से पूरी तरह निकल चुका है और गिट्टियां बिखर गई हैं। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे आवागमन करना बेहद कठिन हो गया है। इस सड़क से रोजाना स्कूली बच्चों, किसानों, मजदूरों और आम ग्रामीणों का आना-जाना होता



है।

गड्ढों और उखड़ी गिट्टियों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसका खामियाजा अब आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बार-बार मरम्मत के बावजूद सड़क की स्थिति में सुधार नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि निर्माण कार्य में भारी लापरवाही बरती गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि इस जर्जर सड़क को जल्द से जल्द नई सड़क का निर्माण कराया जाए, ताकि उखड़ी गिट्टियों और गड्ढों से होने वाली परेशानियों से क्षेत्र के आम नागरिकों को राहत मिल सके।



## बिना वैध दस्तावेज के धान परिवहन, 30 क्विंटल जब्त

**कटगी।** जिले में अवैध धान परिवहन के खिलाफ प्रशासन की सख्ती जारी है। 16 दिसंबर को कसडोल क्षेत्र में एक पिकअप वाहन को बिना वैध दस्तावेज के धान का परिवहन करते हुए पकड़ा गया। वाहन में लगभग 30 क्विंटल धान भरा हुआ था। एक व्यापारी पिकअप वाहन (क्रमांक सीजी 22 एक्स 6096) में धान भरकर उपार्जन केंद्र से बाहर ले जा रहा था।

इस पर संदेह होने पर स्थानीय पत्रकारों और मंडी कर्मचारियों ने इसकी सूचना पटवारी, तहसीलदार और कृषि उपज मंडी समिति को दी। सूचना मिलते ही राजस्व विभाग, कृषि विभाग और मंडी समिति की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और वाहन को रोका। जांच के दौरान, परिवहन से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। इसके बाद, मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए पंचनामा तैयार किया गया। जब्त किए गए धान को कृषि उपज मंडी कसडोल में सुरक्षित रखवाया गया है। संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## अनमोल वचन......

रोओ मत क्योंकि यह खत्म हो गया है।
मुस्कुराओ क्योंकि यह हुआ।

# विपक्ष के निशाने पर न्यायपालिका, यह कोशिश महंगी पड़ सकती है

तमिलनाडु में जिस तरह कार्तिगई दीपम परंपरा स्थापित करने का आदेश देने वाले मद्रास हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जीआर स्वामीनाथन के खिलाफ द्रमुक और उसके सहयोगी दलों ने लामबंदी की, उससे यही संकेत मिल रहे हैं कि इस गठजोड़ के घटक बिहार के नतीजों से कोई सबक सीखने को तैयार नहीं। द्रमुक सांसद कनिमोई की अगुआई में आइएनडीआइए के 120 सांसदों द्वारा स्वामीनाथन के खिलाफ महाभियोग का नोटिस देना गठबंधन की पारंपरिक राजनीति का ही विस्तार है। गठबंधन यह पचा नहीं पा रहा कि किसी जज ने बहुसंख्यक सनातनी परंपरा स्थापित करने का निर्णय दे दिया। मदुरई जिले की तिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी की चोटी पर कार्तिगई दीपम की परंपरा को स्थापित करने की मंजूरी दी, जिसे 1920 के एक विवाद के बंद कर दिया गया था। द्रमुक की अगुआई वाली तमिलनाडु सरकार ने विवाद की आशंका के बहाने स्वामीनाथन के फैसले को लागू ही नहीं होने दिया। दिलचस्प है कि अल्पसंख्यक समुदाय ने इसका विरोध भी नहीं किया, बल्कि सरकार ने ही विवाद भड़काया।

राज्य सरकार ने स्वामीनाथन के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील भी की, लेकिन उसे यह भी लगा कि अगर उसने जज को सबक नहीं सिखाया तो सेक्युलरवाद की बुनियाद पर टिकी उसकी राजनीति में दरार पड़ सकती है। जज को सबक सिखाने और न्यायपालिका पर अंकुश लगाने के द्रमुक के इस कदम में सबसे हैरतअंगेज कदम है विपक्षी गठबंधन के अन्य घटकों का बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना। लोकसभा अध्यक्ष को महाभियोग प्रस्ताव पेश करते वक्त कनिमोई के साथ कांग्रेस नेताओं और अखिलेश यादव की मौजूदगी के संकेत गहरे हैं। विपक्षी दल अल्पसंख्यक समुदाय को यह संकेत देने की कोशिश में हैं कि सिर्फ आइएनडीआइए ही उसके हितों के लिए किसी जज को भी निशाना बना सकता है। विपक्षी गठबंधन की कोशिश कुछ महीने बाद होने वाले तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए राज्य की करीब छह प्रतिशत अल्पसंख्यक आबादी को लुभाना है। चूंकि द्रमुक की राजनीति के केंद्र में अल्पसंख्यकवाद का भी मंत्र रहा है, इसलिए कार्तिगई दीपम की परंपरा को रोकने में उसे कोई हिचक नहीं हुई। इस पूरे मसले पर चर्चा से पहले जानना जरूरी है कि कार्तिगई दीपम त्योहार है क्या( दक्षिण के दीप पर्व के रूप में विख्यात कार्तिगई दीपम भगवान मुरुगन के सम्मान में तमिल महीने में दीप जलाने की परंपरा है। मान्यता है कि ब्रह्मा और विष्णु के बीच विवाद को सुलझाने के लिए शिवजी स्वयं अनंत अग्निस्तंभ के रूप में प्रकट हुए थे। उसी स्तंभ की स्मृति स्वरूप उचिपिल्लायर मंदिर के पास प्राचीन दीपाथुन नामक स्तंभ के नजदीक महादीपक जलाया जाता है। तिरुपरनकुंद्रम की पहाड़ी पर भी इसकी परंपरा रही, लेकिन बाद में वहां मंदिर के नजदीक एक दरगाह स्थापित हो गई।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आप में एक नई उमंग और खुशी रहेगी। आप अपना नया व्यापार शुरु करेंगे, आप काम पूरे मन से करेंगे। आज नया अनुभव आप को मिलेगा। मानसिक परेशानी का निवारण होगा, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपका सामाजिक दायरा, आपका सम्मान भी बढ़ेगा। आप किसी मित्र से सहयोग लेंगे। आज आपको विवाद से बचकर रहना चाहिए अन्यथा आप मुसीबत में पड़ सकते हैं।

**वृष राशिः** आज का दिन आपका बहुत बढ़िया रहेगा, मन खुश रहेगा। आपको सब्र रखना होगा जिससे आप नई ऊंचाईयों कों छूएंगे। ऑटोमोबाइल के व्यापार में आपको लाभ मिलेगा। आप को नई धार्मिक जगह का सुख प्राप्त होगा। आप अपने दोस्तों या सहयोगियों के साथ किसी टूर पर जाएंगे। प्रशासनिक सेवाओं से जुड़े लोगों से आप लाभ की प्राप्ति करेंगे। आपके सगे सम्बन्धियों से मेल-जोल बढ़ेगा। किसी नए काम को शुरु करने के लिए आज आप उत्साहित रहेंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी तथा आप खुद को ऊर्जावान तथा सकारात्मक महसूस करेंगे। अपने व्यक्तित्व को व्यवस्थित रखने के लिए आत्म मनन भी करना जरूरी है।

**कर्क राशिः** आज का दिन सुखमय रहेगा। आप में साहस बढ़ेगा और साहस पूर्ण काम करने में सक्षम रहेंगे। आपको गृह भूमि का लाभ मिलेगा। प्रभावशाली काम को करने का अवसर मिलेगा। जिन्दगी में आज नया कदम उठाने का अवसर मिलेगा। धैर्य से काम करना होगा, जिससे काम का पूरा रिजल्ट मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन खुशियां लाएगा। आप घर पर लोगों के साथ अपना मत रखेंगे और अच्छा फल मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य पर विशेष रूप से ध्यान देना होगा। पेट की समस्या के लिए किसी अच्छे डॉक्टर से आप मिलेंगे, जिससे आपको कुछ राहत मिले। आपको व्यापारिक उलझनों से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन और अधिक खुशनुमा रहेगा। आप एक नई दिशा में अपना काम करेंगे। नया वाहन खरीदने का विचार दोस्तों से करेंगे, आपको अच्छी सलाह मिलेगी। अन्न धन में बढ़ोतरी होगी। आप जिस पद पर कार्यरत है उस पद से पदोन्नति होगी। नई दिशा में काम करेंगे जिससे आपकी योजना को बढ़ावा मिलेगा।

**तुला राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी आज बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है। आज सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा। जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरुस्त रहेंगे। आज आपके काम करने की कला से लोग आपसे प्रभावित होंगे। आज आपका समय अपनों के साथ अच्छा बीतेगा।

**धनु राशिः** आज का आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यावसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। साथ ही कर्मचारियों तथा स्टाफ पर भी अनुशासन रखेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**मकर राशिः** आज का दिन खुशियों का नया रास्ता दिखायेगा पारिवारिक सुख सुविधा का लाभ मिलेगा। आप किसी राजनेता से सम्पर्क करेंगे। आज आप फुल कॉन्फिडेंस से अपने सभी रुके कामों कों गति देंगे, अपनी योजना में जोड़ने के लिए आपको अन्य सहयोगियों की जरूरत पड़ सकती है।

**कुम्भ राशिः** आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे, तो एक दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आएगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा। आपका काम करीबी दोस्त की सहायता से पूरा हो जायेगा।

# मानसिकता और कार्यक्षमता को प्रभावित करती वर्चुअल मीटिंग्स

//डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा //

**कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हांलाकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है।**



डिजिटल क्रांति ने कार्यदिवस के परंपरागत समय सीमा को बदलकर ही रख दिया है। कहने को तो छह या सात घंटे का कार्यदिवस होता है पर वर्चुअल युग में कर्मचारी 24 गुणा 7 के दौर में आ गया है। इससे कार्मिकों की मानसिकता और सामाजिक-इकोनोमिक ताने-बाने को भी प्रभावित किया है। एक समय था जब शीर्ष या पहली दूसरी कतार के अधिकारियों की जिम्मेदारी अधिक होती थी और उनके लिए समय सीमा नहीं होती थी पर अब तो वर्चुअल सुविधाओं के चलते दिन हो या रात रविवार हो या शनिवार कभी भी कहीं भी एक मैसेज मात्र से आपको एक्टिव होकर कैमरे के सामने आना पड़ता है। दरअसल कोरोना काल ने यह परिवर्तन दिया है। भारत सहित दुनिया के देशों में अभी भी कार्मिकों के लिए कार्यदिवस पांच या छह दिवस के हैं तो कार्यसमय भी मानने को तो सुबह 9.30 से सायं बजे 6 या दूसरे शब्दों में औसतन लगभग सात घंटे का है पर डिजिटल क्रान्ति ने सबकुछ बदल कर रख दिया है। देखा जाए तो अब असीमित कार्य दिवस का दौर आ गया है। वास्तविकता तो यह है कि डिजिटल डिवाइसों के उपयोग के बाद से कमोबेस कार्यदिवस 24 गुणा 7 हो गये हैं तो कार्य समय भी तय समय सीमा के बंधन से मुक्त हो गया है। माइक्रोसॉफ्ट द्वारा कराये गये वर्क ट्रेंड इंडेक्स स्पेशल रिपोर्ट 2025 में यह खुलासा हो गया है कि अब कार्मिक चाहे वह किसी भी स्तर का हो के लिए चाहे निजी क्षेत्र में हो या सरकारी क्षेत्र में तय समय सीमा बीते जमाने की बात हो गई है। ई-मेल, चैट, वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स, सोशल मीडिया संदेश आदि को समग्र रुप से देखने से अब कार्मिक 24 घंटे का कार्मिक हो गया है। रिपोर्ट के अनुसार सुबह छह बजे से ही व्यक्ति अपनी ई-मेल टटोलने लगता है तो सर्वाधिक प्रोडक्टिविटि का समय 11 बजे के लगभग में काम के स्थान पर ई-मेल का प्रेशर 54 प्रतिशत तक बढ़ जाता है सायं तीन बजे बाद ई-मेल, चैट या अन्य संदेशों की आवक कम होने लगती है। वैश्विक औसत की बात की जाये तो 100 से अधिक ई-मेल से दो चार होना पड़ता है कार्मिक को। हर दो मिनट में मेल, चैट या अन्य संदेश कार्मिक के कार्य में बाधा उत्पन्न करता है। इसका कारण यह होता है कि उसे काल, ई-मेल या संदेश चैक करने या उससे दो चार होना ही पड़ता है। हालात यह है कि रात को भी ई-मेल या संदेश का सिलसिला जारी रहने से अब कार्यालयीय वातावरण से दूर परिवार के व्यैयक्तिक क्षण तो कल्पना की बात होती जा रही है। डिजिटल क्रांति के चलते मीटिंग्स खासतौर से वर्चुअल या हाईब्रिड मीटिंग्स सुविधाजनक होने के साथ ही कार्मिकों के तनाव का कारण भी बनती जा रही है। हांलाकि वैश्विक ट्रेंड के अनुसार मंगलवार को सर्वाधिक मीटिंग्स होती है इनमें खासतौर से एडहॉक मीटिंग्स अधिक होती है तो शुक्रवार को अपेक्षाकृत मीटिंग्स का दबाव कम होता है। सबसे खास बात यह कि औसतन 10 में से एक मिटिंग तो बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक तय होती है। एक और खास यह कि वर्चुअल मीटिंग्स सुविधाजनक होने और अपना संदेश संबंधित सभी तक पहुंचाने का बेहतरीन माध्यम होने के बावजूद यह तनाव का कारण तो बनता ही है इसके साथ ही गुणवत्ता पर भी प्रश्न लगाये जाने लगे हैं। इसको इस तरह से समझा जा सकता है कि दस में से एक मीटिंग लास्ट टाइम बुक की जाती है तो मीटिंग्स में प्रस्तुत होने वाले पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन में मीटिंग के दस मिनट पहले तक आंषिक बदलाव या अपडेशन होता है। यह कोई किसी एक पक्ष यानी सरकारी या गैर सरकारी प्रतिष्ठान की बात या किसी देष विशेष की बात ना होकर वैश्विक वास्तविकता है। विशेषज्ञों की माने तो अंतिम समय तक प्रजेंटेशन में बदलाव का मतलब ही यह है कि गुणवत्ता कहीं ना कही प्रभावित हो रही है। वैश्विक आंकड़े तो यही कहते हैं कि अंतिम समय में पीपीटी में अपडेशन या संशोधन में 122 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी जा रही है। वर्चुअल मीटिंग का सिलसिला दरअसल कोरोना महामारी के दौर से अधिक सामने आया है और इसे समय और धन बचाने में सहायक माना जाता है पर मीटिंग्स के दौर जिस तरह से बढ़ने लगे हैं उससे कार्मिक सूचनाएं संग्रहित करने और उसमें अपने बचाव के उपाय खोजने में ही अपनी अधिकांश कार्यक्षमता व्यय कर देता है और परिणाम स्वरुप कार्य में गुणवत्ता और उत्पादकता में कमी आना स्वाभाविक माना जाने लगा है। माइक्रोसॉफ्ट की हालिया रिपोर्ट से यह साफ हो गया है कि डिजिटल युग को देखते हुए अब कार्मिकों के कार्यदिवस को नए सिरे से रिडिजाइन करने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है।

इसका प्रमुख कारण कार्मिकों शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ना और सामाजिकता और वैयक्तितता पर विपरीत प्रभाव पडना प्रमुख हो जाता है। समय बेसमय मोबाइल या इसी तरह की डिवाइस पर अंगुलियां चलाने से प्रभावित हो रहे हैं। काम का दबाव, सूचनाओं के संग्रहण में ही समय जाया होने, वर्चुअल मीटिंग्स में सार्वजनिक रुप से जलालत की संभावना, आंखों में सूखापन और सामाजिक व व्यक्तिगत संबंध बाधित होना आम होता जा रहा है। इसका साइड इफेक्ट संत्रास, कुंठा, तनाव, डिप्रेशन आदि के रुप में सामने आने लगा है। इसके समाधान के लिए हांलाकि विशेषज्ञों ने फ्रंटियर फर्म की आवश्यकता प्रतिपादित की है। इसमें आर्टिफिसियल इंटेलीजेंस के माध्यम से विश्लेषण की बात की जाने लगी है। पर समय की मांग और आवश्यकता यह महसूस की जाने लगी है कि वर्क कल्चर को रिडिजाइन किया जाएं। अन्यथा देर सबेर इसके नकारात्मक प्रभावों से बचना मुश्किल हो जाएगा। दरअसल यह अपने आपमें गंभीर समस्या हो गई है। इसका समाधान हर स्तर पर खोजना होगा। यह कोई कार्यालयीय समस्या, सामाजिक समस्या, मनोवैज्ञानिक समस्या या शारीरिक मानसिक समस्या ना होकर पूरे ताने-बाने को ही प्रभावित करने वाली समस्या है। ऐसे में विशेषज्ञों, गैरसरकारी संगठनों, मनोविज्ञानियों के साथ ही मानव संसाधन विशेषज्ञों और नियोक्ताओं को भी इस समस्या का समाधान खोजना होगा।

# भारत चुपचाप कर रहा बड़ी तैयारी, मोदी की जॉर्डन इथियोपिया और ओमान यात्रा विरोधियों पर पड़ रही भारी

//नीरज कुमार दुबे //

**देखा जाये तो पश्चिम एशिया इस समय उबाल पर है। गाज़ा संकट, ईरान-सऊदी समीकरणों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका की प्राथमिकताओं में बदलाव और सऊदी अरब-पाकिस्तान और अमेरिका के नए रक्षा समीकरण का उभरना भारी उथलपुथल की तरह है। युद्ध के धुएँ और वैश्विक अनिश्चितताओं के इस दौर में भारत की विदेश नीति अगर किसी एक शब्द में परिभाषित होती है, तो वह है रणनीतिक स्पष्टता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जॉर्डन, इथियोपिया और ओमान की यात्रा इसी स्पष्टता का ठोस प्रदर्शन है। यह यात्रा बदलती वैश्विक ध्रुवीयता में भारत के हितों को सुरक्षित करने की एक सधी हुई चाल है। यह एक ऐसा रणनीतिक कदम है जो आने वाले वर्षों में भारत की ऊर्जा, खाद्य, समुद्री और भू-राजनीतिक सुरक्षा की रीढ़ बनेगा।**



देखा जाये तो पश्चिम एशिया इस समय उबाल पर है। गाज़ा संकट, ईरान-सऊदी समीकरणों में उतार-चढ़ाव, अमेरिका की प्राथमिकताओं में बदलाव और सऊदी अरब-पाकिस्तान और अमेरिका के नए रक्षा समीकरण का उभरना भारी उथलपुथल की तरह है। ऐसे में भारत का जॉर्डन और ओमान की ओर बढ़ना बताता है कि नई दिल्ली अब प्रतिक्रियावादी नहीं, बल्कि एजेंडा-सेटर है। मोदी सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसी एक धुरी पर निर्भर नहीं रहेगा, वह अपने विकल्प खुद गढ़ेगा।

मोदी के तीन देशों के दौरे में जॉर्डन पहला पड़ाव था और यह चयन ही बहुत कुछ कह देता है। हम आपको बता दें कि पश्चिम एशिया में जॉर्डन एक संतुलनकारी शक्ति है। वह कट्टरपंथ के विरुद्ध ढाल और संवाद का सेतु है। भारत के लिए जॉर्डन केवल कूटनीतिक मित्र नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा का रणनीतिक स्तंभ भी है। फॉस्फेट और पोटाश जैसे उर्वरकों के बिना भारत की कृषि का आगे बढ़ना मुश्किल है। जॉर्डन इंडिया फर्टिलाइज़र कंपनी जैसे उपक्रम इस बात का प्रमाण हैं कि मोदी सरकार संसाधन सुरक्षा को भाषण नहीं, संस्थागत रणनीति मानती है। दोनों देशों के बीच 2.75 अरब का द्विपक्षीय व्यापार और 2030 तक 5 अरब का लक्ष्य दिखाता है कि यह साझेदारी अब प्रतीकात्मक नहीं रही। मोदी की जॉर्डन यात्रा के दौरान हुए करार और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई को वहां की सरकार का मिला जोरदार समर्थन तथा क्राउन प्रिंस का खुद मोदी को अपनी कार में लेकर जाना दर्शाता है कि मोदी की यात्रा कितनी सफल रही।

वहीं मोदी की इथियोपिया यात्रा को देखें तो यह रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत निर्णायक है। अफ्रीकी संघ का मुख्यालय, ब्रिक्स का सदस्य और ग्लोबल साउथ की धड़कन, इथियोपिया में 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली यात्रा है। देखा जाये तो यह देरी नहीं, बल्कि सही समय पर किया गया दांव है। दोनों देशों के बीच 550 मिलियन का व्यापार, भारतीय फार्मा की मजबूत मौजूदगी और क्षमता निर्माण में भारत की भूमिका दिखाती है कि नई दिल्ली अफ्रीका को बड़ा साझेदार मानती है। यह चीन के ऋण-जाल मॉडल के ठीक उलट सम्मान, प्रशिक्षण और साझा विकास का रास्ता है।

साथ ही मोदी की ओमान यात्रा भारत की समुद्री रणनीति का निर्णायक स्तंभ है। दुक़्म बंदरगाह में भारत की बढ़ती मौजूदगी, होरमुज़ जलडमरूमध्य से बाहर एक वैकल्पिक लॉजिस्टिक हब, यह सब भारत की इंडो-लिटरल स्ट्रैटेजी का हिस्सा है। भारत-ओमान CEPA का प्रस्तावित हस्ताक्षर इस यात्रा का सबसे ठोस आर्थिक परिणाम होगा। देखा जाये तो 95 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर शुल्क-मुक्त पहुँच और 98त्न तक भारतीय वस्तुओं को राहत, एक रणनीतिक व्यापार की तरह है। ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, उर्वरक, तकनीक और खाद्य सुरक्षा, हर मोर्चे पर भारत अपनी शर्तों पर आगे बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच .10.61 अरब का व्यापार जल्द ही 20 अरब की ओर बढ़े, यह केवल आंकड़ा नहीं, भरोसे की मुद्रा है।

हम आपको यह भी बता दें कि इस पूरी यात्रा की बेहद शक्तिशाली धुरी हैं भारतीय प्रवासी। ओमान में 6.75 लाख से अधिक भारतीय, जॉर्डन में परिधान उद्योग की रीढ़ बने 17 हजार श्रमिक और इथियोपिया में शिक्षा जगत को दिशा देने वाले भारतीय प्रोफेसर, ये लोग भारत की सॉफ्ट पावर नहीं, बल्कि लिविंग स्ट्रैटेजिक एसेट्स हैं। मोदी सरकार ने पहली बार प्रवासियों को भावनात्मक प्रतीक से निकालकर नीति के केंद्र में रखा है, चाहे वह बिज़नेस कार्ड वीज़ा हो या श्रम सुरक्षा के समझौते।

बहरहाल, आलोचक कह सकते हैं कि यह यात्रा चुनौतियों से मुक्त नहीं है क्योंकि पश्चिम एशिया की अस्थिरता, अफ्रीका में प्रतिस्पर्धा और वैश्विक आर्थिक सुस्ती बनी हुई है। लेकिन यहीं मोदी सरकार की विदेश नीति अलग दिखती है। यह जोखिम से भागती नहीं, उसे मैनेज करती है। मोदी सरकार जानती है कि बहुध्रुवीय विश्व में निष्क्रियता सबसे बड़ा खतरा है। इसलिए निष्कर्ष स्पष्ट है। मोदी की यह यात्रा भारत के आत्मविश्वास का बयान है कि भारत अब केवल संतुलन साधने वाला देश नहीं, बल्कि अपने हितों के लिए गठबंधन गढ़ने वाला राष्ट्र है। मोदी की यह पश्चिम एशिया-अफ्रीका कूटनीति लेन-देन से आगे जाकर रणनीतिक हेजिंग की परिपक्व मिसाल है। आने वाले वर्षों में जब ऊर्जा, खाद्य और समुद्री मार्गों पर संघर्ष तेज होगा, तब यह यात्रा एक दूरदर्शी कदम के रूप में याद की जाएगी, जिसने भारत को न केवल सुरक्षित किया, बल्कि निर्णायक भी बनाया।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में बारापुला ब्रिज फेज-3 का निर्माण कार्य जारी है।



भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने भाजपा के नव नियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी से मुलाकात कर उन्हें शुभकामनाएं दी।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की।



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला 2 और म्यूज़ियम की वाइस-चेयर, प्रिंसेस सुमाया बिंत अल हसन के साथ, अम्मान, जॉर्डन में जॉर्डन म्यूज़ियम में.



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी यात्रा पूरी की, और जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला 2 ने गर्मजोशी भरे द्विपक्षीय संबंधों के प्रतीक के तौर पर उन्हें खुद एयरपोर्ट तक छोड़ा, अम्मान, जॉर्डन में। पीएम मोदी अपनी यात्रा के दूसरे चरण के लिए इथियोपिया रवाना हुए।



प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, जॉर्डन के क्राउन प्रिंस अल हुसैन बिन अब्दुल्ला 2 और म्यूज़ियम की वाइस-चेयर, प्रिंसेस सुमाया बिंत अल हसन के साथ, अम्मान, जॉर्डन में जॉर्डन म्यूज़ियम में।



संयुक्त अरब अमीरात के प्रेसिडेंशियल गार्ड के कमांडर मेजर जनरल अली सैफ हुमैद अलकाबी ने नई दिल्ली में सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से मुलाकात की।



# नाइजीरिया में खनन स्थल पर बंदूकधारियों ने किया हमला, 12 लोग की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया के अशांत पठारी राज्य के अटोसो गांव में एक खनन स्थल पर बंदूकधारियों के हमले में कम से कम 12 लोग मारे गए और तीन अन्य का अपहरण कर लिया गया। यह जानकारी बुधवार को एक स्थानीय समूह के नेता ने दी।बेरोम यूथ मोल्डर्स एसोसिएशन (बीवाईएम) के प्रमुख डेल्योप सोलोमन मवांतिरी ने बताया कि हमलावरों ने, जिनकी पहचान स्थानीय लोगों ने सशस्त्र फुलानी मिलिशिया के रूप में की है, मंगलवार देर रात हमला किया, जिसमें पांच अन्य लोग गोली लगने से घायल होकर अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस प्रवक्ता अल्फ्रेड अलाबो ने पुष्टि की कि जांच जारी है। यह ताजा हमला पठारी क्षेत्र में लगातार बनी हुई असुरक्षा को रेखांकित करता है, जो नाइजीरिया के अस्थिर मध्य बेल्ट क्षेत्र का एक संवेदनशीलकेंद्र है, जहां जातीय और धार्मिक संघर्ष ने लंबे समय से किसानों और चरवाहों के बीच घातक झड़पों को हवा दी है। शांति बहाल करने के सरकार के बार-बार किए गए वादों के बावजूद हिंसा लगातार बढ़ रही है।मवांतिरी ने कहा कि मंगलवार का हमला पास के एक गांव में चार बच्चों की हत्या के कुछ ही दिनों बाद हुआ है। उन्होंने अधिकारियों पर शुरुआती चेतावनी के संकेतों को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। बीवाईएम सरकार से खुले में चराई पर प्रतिबंध लागू करने और अपहृत पीड़ितों को बचाने के लिए अधिक सुरक्षा बलों को तैनात करने का आग्रह कर रहा है।

# आपके भरोसे के लिए धन्यवाद, प्रधानमंत्री मोदी को इथियोपिया में मिला स्टैंडिंग ओवेशन



**नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेबुधवार को इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगभग 90 सेकंड तक लगातार खड़े होकर तालियां बजाकर सम्मान दिया गया, जो पूर्वी अफ्रीकी राष्ट्र की उनकी पहली यात्रा का एक महत्वपूर्ण क्षण था और द्विपक्षीय संबंधों को रेखांकित करने वाली गर्मजोशी और सद्भावना को दर्शाता है। प्रधानमंत्री द्वारा इथियोपिया के लोगों को धन्यवाद देते हुए अपना भाषण समाप्त करने के तुरंत बाद तालियां बजनी शुरू हो गईं और जब वे मंच से नीचे उतरे और संसद सदस्यों का अभिवादन किया तो यह सिलसिला जारी रहा, जो स्पष्ट रूप से दोनों देशों के बीच मजबूत और बढ़ते संबंधों को रेखांकित करता है। आपकी मित्रता के लिए धन्यवाद, आपके भरोसे के लिए धन्यवाद... धन्यवाद, प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण के समापन में आभार व्यक्त करने के लिए इथियोपियाई मुहावरों का प्रयोग करते हुए कहा। उनके इस कथन पर संसद में लगातार तालियां बजती रहीं। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने समकालीन साझेदारी को ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संदर्भ में रखते हुए भारत और इथियोपिया के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लगभग 2000 वर्ष पूर्व, दोनों क्षेत्रों के बीच आदान-प्रदान वाणिज्य से परे विचारों और जीवन शैली तक फैला हुआ था। उन्होंने कहा कि अदीस और धोलेरा जैसे बंदरगाह न केवल व्यापार केंद्र थे, बल्कि सभ्यताओं के बीच सेतु भी थे, उन्होंने आगे कहा कि आधुनिक समय में यह संबंध एक नए चरण में प्रवेश कर गया जब 1941 में देश की मुक्ति के दौरान भारतीय सैनिकों ने इथियोपियाई लोगों के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी।उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियां इथियोपिया में सबसे बड़े निवेशकों में से हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में 5 अरब डॉलर से अधिक का निवेश किया है और 75,000 से अधिक रोजगार सृजित किए हैं। हमने भारत-इथियोपिया द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। उन्होंने भारत के शासन अनुभव, विशेष रूप से सेवा वितरण के क्षेत्र में, की ओर भी ध्यान आकर्षित किया।

## पैरोल-फरलो मामलों में पारदर्शिता पर जोर, हाईकोर्ट के निर्देश पर तिहाड़ जेल ने जारी किया सर्कुलर

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के हालिया निर्देशों के अनुपालन में तिहाड़ जेल मुख्यालय ने सभी जेल अधीक्षकों को फरलो और पैरोल के आवेदनों पर पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सर्कुलर भेजा है।जेल मुख्यालय ने स्पष्ट आदेश जारी करते हुए कहा है कि पैरोल और फरलो आवेदनों पर निर्णय लेने की प्रक्रिया में नामिनल रोल में कैदियों के जेल आचरण और रिहाई इतिहास की पूरी जानकारी शामिल की जाए। यह कदम एक क्रिमिनल रिट पिटीशन में दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा व्यक्त की गई चिंता के बाद उठाया गया है। कोर्ट ने देखा था कि नामिनल रोल में सामग्री तथ्यों की कमी के कारण पैरोल और फरलो याचिकाओं पर फैसला लेने में देरी हो रही है।सर्कुलर में जेल अधीक्षकों को कहा गया है कि पैरोल या फरलो अस्वीकार करने के स्पष्ट कारण, कैदी के दुराचार की विशिष्ट घटनाएं और तारीखें, सजा का प्रकार (मेजर या माइनर) और जेल आचरण का पूरा इतिहास नामिनल रोल में दर्ज करना अनिवार्य होगा।

# सरकार ने की सोनिया गांधी की आलोचना कहा- नेहरू के दस्तावेज संग्रहालय में होने चाहिए



**नईदिल्ली, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केंद्र सरकार ने बुधवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से जुड़े 51 बॉक्स दस्तावेज अपने पास रखने के लिए आलोचना की और कहा कि इन्हें किसी के घर में नहीं बल्कि सार्वजनिक संग्रहालय में होने चाहिए।सरकार ने इन्हें प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय (पीएमएमएल) को लौटाने की मांग की है ताकि विद्वानों और संसद की नेहरू काल के महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अभिलेखों तक पहुंच हो सके। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने एक्स पर एक पोस्ट में 15 दिसंबर को संसद में केंद्र के लिखित जवाब को स्पष्ट किया और कहा कि दस्तावेज के ठिकाने का पता है। इसलिए वे लापता नहीं हैं। यह स्पष्टीकरण कांग्रेस की ओर से लोकसभा में देश के पहले प्रधानमंत्री से जुड़े दस्तावेज पर पूछे गए एक सवाल पर केंद्र पर निशाना साधे जाने के बाद बाद आया है।भाजपा सांसद संबित पात्रा के सवाल पर शेखावत ने लोकसभा में लिखित जवाब में कहा था कि पीएमएमएल में पहले प्रधानमंत्री से जुड़ा कोई भी दस्तावेज गायब नहीं है। इसके बाद कांग्रेस ने केंद्र पर आरोप लगाते हुए कहा था कि भाजपा सरकार सोनिया गांधी पर नेहरू के दस्तावेज अपने पास रखने के आरोप लगा रही है और इसके लिए माफी मांगी जानी चाहिए। शेखावत ने पोस्ट में लिखा कि पीएमएमएल से नेहरू के दस्तावेज गायब नहीं हैं। गायब शब्द का अर्थ है कि स्थान अज्ञात है। उन्होंने बताया, वास्तव में जवाहरलाल नेहरू के दस्तावेज से भरे 51 बाक्स गांधी परिवार की ओर से 2008 में प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय (तत्कालीन एनएमएमएल) से औपचारिक तौर पर वापस लिए गए थे।उन्होंने कहा, मैं आदरपूर्वक सोनिया गांधी से पूछता हूं कि वह देश का बताएं कि क्या छिपाया जा रहा है। दस्तावेज न लौटाने के लिए दिए जा रहे बहाने उचित नहीं हैं। ये निजी पारिवारिक दस्तावेज नहीं हैं। ये देश के पहले प्रधानमंत्री से संबंधित हैं और ऐसे दस्तावेज सार्वजनिक अभिलेखागार में होने चाहिए, न कि किसी बंद कमरे में।

# नोएडा में गलत रास्ते पर ले जाने के विरोध पर चालक ने छात्रा से की अभद्रता, चलती कैब से बाहर कूदकर बचाई जान

**नोएडा, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

सेक्टर-68 के एक कोचिंग सेंटर से कैब बुक कर गाजियाबाद जा रही छात्रा से चालक द्वारा चलती गाड़ी में अभद्रता करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि गाड़ी को गलत दिशा में ले जाने के विरोध पर आरोपित चालक ने छात्रा को धमकी देकर शांत करा दिया। अनहोनी की आशंका में छात्रा ने चलती गाड़ी से कूदने के बाद अपनी जान बचाकर शोर मचा दिया। फेज-तीन थाना पुलिस ने भाई की शिकायत पर आरोपित चालक को गिरफ्तार कर लिया है। सिहानी गेट थानाक्षेत्र के न्यू कोट गांव की छात्रा सेक्टर 68 के कोचिंग सेंटर में पढ़ती है। 30 नवंबर की रात 11.40 बजे छात्रा ने गाजियाबाद जाने के लिए कैब बुक की थी।



वैगनआर कैब लेकर पहुंचे चालक सौरभ ने छात्रा को बैठाकर ओटीपी पूछा। इस बीच वह अकेली ही थी।छात्रा का आरोप है कि चालक मैप की लोकेशन से अलग दूसरे कट से आगे चला गया। गलत रास्ते पर जाता देख छात्रा ने विरोध किया तो आरोपित बहस करने लगा। दोनों के बीच चलती गाड़ी में काफी कहासुनी हुई। मामला शांत न होने पर आरोपित ने पीड़िता को धमकी देकर शांत करा दिया।छात्रा ने साहस दिखाकर मोबाइल से चलती गाड़ी का वीडियो बनाना शुरू किया तो उनका फोन छीनने का प्रयास किया। अनहोनी की आशंका के चलते छात्रा ने चलती गाड़ी से सड़क किनारे कूदकर अपनी जान बचाई। शोर मचाने पर चालक गाड़ी लेकर भाग गया। सड़क पर गिरने से उनके शरीर पर चोट भी आ गई। घटना से सहमी छात्रा ने तुरंत स्वजन को सूचना दी। पुलिस ने भी सूचना पाकर तुरंत आरोपित की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शिकायत मिलते मुकदमा भी दर्ज कर लिया। फेज-तीन थाना प्रभारी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज और छात्रा की बुकिंग डिटेल के आधार पर जिला एटा के थाना दशरथपुर स्थित रघुपुर अमृतपुर के कैब चालक सौरभ कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की।

# अब यमुना नदी तक नहीं पहुंचेगा दूषित पानी, नालों की सफाई के लिए लगाई जाएंगी 32 अत्याधुनिक मशीनें



**नई दिल्ली।** यमुना की सफाई के लिए 32 अत्याधुनिक और उच्च क्षमता (हाई-कैपेसिटी) वाली सफाई मशीनें लगाई जाएंगी। दिल्ली सरकार ने इसके लिए मंजूरी दे दी है। नालों की सफाई का मुख्य मकसद प्रदूषण के स्रोत को नालों पर ही रोका जा सके, जिससे प्रदूषण यमुना में ना सके। सभी मशीनें मार्च से आपरेशनल होंगी। इस पहल का उद्देश्य बिना उपचारित कीचड़, गाद और ठोस कचरे को यमुना में जाने से रोकना है, जिसके लिए प्रमुख नालों की बड़े स्तर पर यांत्रिक सफाई की जाएगी। इस अभियान की शुरुआत नजफगढ़ ड्रेन से होगी, जिसे यमुना में प्रदूषण का सबसे बड़ा स्रोत माना जाता है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य प्रमुख नालों और यमुना के चिन्हित हिस्सों में सफाई कार्य किया जाएगा। सभी मशीनें गहराई तक कीचड़ निकालेंगी, जलकुंभी और खरपतवार हटाएंगी तथा जलभराव वाले दुर्गम क्षेत्रों की सफाई के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई हैं। इस योजना का पहला चरण दिसंबर में शुरू हो रहा है, जिसके तहत एम्फीबियस मल्टी पर्पज ड्रेजर फिनलैंड से दिसंबर के अंतिम सप्ताह में दिल्ली पहुंचेगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नदी और वेटलैंड पुनर्जीवन में उपयोग की जाने वाली ये मशीनें जनवरी से पूरी तरह कार्यरत होंगी, जिससे यांत्रिक सफाई कार्य को तेज गति मिलेगी।

जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना सफाई के लिए प्रतीकात्मक प्रयास नहीं, बल्कि निरंतर कार्रवाई की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि यमुना में प्रदूषण वर्षों की उपेक्षा और पुराने सिस्टम का नतीजा है। हम आधुनिक, हाई-कैपेसिटी मशीनें और सख्त निगरानी लागू कर उस चक्र को तोड़ रहा है। अधिकारियों के अनुसार यह योजना राउंड द क्लाक आपरेशन, तेज सिल्ट हटाने और वैज्ञानिक निस्तारण पर आधारित है। एम्फीबियस मशीनें गहरे और दलदली इलाकों में भी काम करेंगी, जबकि हॉपर बार्ज सफाई सामग्री को तेजी से हटाने में मदद करेंगी।

# छिंदवाड़ा जिले के अस्पताल में शौचालय के कमोड में नवजात को फेंका, फ्लश चलाने से गई जान



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश में छिंदवाड़ा जिले के परासिया सिविल अस्पताल के शौचालय के कमोड में सोमवार को नवजात बच्ची का शव मिला था। शार्ट पीएम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि बच्ची को जिंदा ही कमोड में डाकर फ्लश चला दिया गया, जिससे उसके फेफड़ों और पेट में पानी भर गया था। सोमवार को ओपीडी में 15 गर्भवती महिलाएं जांच के लिए आई थीं। पुलिस ने इनमें से 14 महिलाओं की पहचान कर ली है। एक महिला संदिग्ध है, जिसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।अस्पताल में लगे 26 सीसीटीवी कैमरों के फुटेज पुलिस खंगाल रही है। हालांकि, जिस शौचालय में यह घटना हुई, उसके बाहर या आसपास कैमरा नहीं था।

गैलरी और एंट्री गेट के फुटेज से संदिग्ध महिला और उसके साथ आए लोगों की पहचान की कोशिश की जा रही है।आशंका है कि इसी महिला ने शौचालय में बच्ची को जन्म दिया और सुबूत मिटाने के लिए उसे फ्लश कर वहां से भाग निकली। कमोड में नवजात का सिर और हाथ फंसा हुआ था। डाक्टरों के मुताबिक बच्ची की नाल (गर्भनाल) भी शरीर से जुड़ी हुई थी।

# राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप साठ करोड़ रुपये के आपराधिक विश्वासघात से जुड़ा है मामला

**मुंबई, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

साठ करोड़ रुपये के आपराधिक विश्वासघात मामले की जांच का सामना कर रहे व्यवसायी राज कुंद्रा और उनकी अभिनेत्री पत्नी शिल्पा शेट्टी पर अब धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया है।इस मामले की जांच कर रही मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने इस हाई प्रोफाइल दंपती के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात के अलावा धोखाधड़ी का आरोप भी लगाया है।एक अधिकारी के अनुसार, पहले इस दंपती के खिलाफ आपराधिक विश्वासघात का मामला दर्ज किया गया था। जांच के बाद धारा 420 (धोखाधड़ी और बेईमानी से संपत्ति सौंपने के लिए प्रेरित करना) भी जोड़ दी गई है।

इन पर आइपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया है, क्योंकि यह मामला एक जुलाई 2024 को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के लागू होने से पहले दर्ज किया गया था।आइपीसी के तहत धोखाधड़ी के मामले में दोषी पाए जाने पर सात साल तक की कैद और जुर्माना हो सकता है। मुंबई के जुहू निवासी 60 वर्षीय व्यवसायी दीपक कोठारी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है।उन्होंने आरोप लगाया है कि अब बंद हो चुकी कंपनी बेस्ट डील टीवी प्राइवेट लिमिटेड (जहां कुंद्रा और शेट्टी निदेशक थे) से जुड़े एक निवेश सौदे में



उनसे 60.4 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। ईओडब्ल्यू ने इस मामले में कुंद्रा और शेट्टी के बयान दर्ज कर लिए हैं।इस बीच, कुंद्रा ने अपने एक्स हैंडल पर अपने और अपनी पत्नी के खिलाफ लगे आरोपों का खंडन करते हुए इसे निराधार बताया। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि हम सभी आरोपों का खंडन करते हैं। इन मुद्दों को बिना किसी कानूनी आधार के रंग दिया जा रहा है।हाई कोर्ट में इस मामले को रद करने के लिए याचिका दायर की जा चुकी है। इस पर सुनवाई लंबित है। हमने जांच में पूरा सहयोग दिया है। पूरा विश्वास है कि न्याय की जीत होगी। हमें भारतीय न्यायपालिका पर पूर्ण भरोसा है। हम मीडिया से निवेदन करते हैं कि मामला विचाराधीन है। इसलिए संयम बरतें।वहीं, बेंगलुरु पुलिस ने बुधवार को बताया कि शिल्पा द्वारा स्थापित एक रेस्टोरेंट के खिलाफ तय समय के बाद रेस्टोरेंट खोलने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। सेंट मार्क्स रोड पर स्थित रेस्टोरेंट बैस्टियन 11 दिसंबर को नियमों का उल्लंघन करते हुए देर रात तक पार्टियों का आयोजन कर रहा था।

एक पुलिस अधिकारी की शिकायत के आधार पर 14 दिसंबर को कब्बन पार्क पुलिस स्टेशन में कर्नाटक पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत रेस्टोरेंट के प्रबंधक और कर्मचारियों के खिलाफ नियमों का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया।

# डॉक्टरों को पर्चे पर अच्छी राइटिंग में लिखना सिखाएं मेडिकल कॉलेज, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने जारी किया आदेश



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) ने सभी मेडिकल कालेजों को निर्देश दिया है कि वे डॉक्टरों को पर्चे पर दवाओं के नाम समेत अन्य बातें अच्छी राइटिंग में लिखना सिखाएं। एनएमसी ने मेडिकल कालेजों को डॉक्टरों की तरफ से पर्चे पर साफ-सुथरी लिखावट की निगरानी के लिए उप-समतियां गठित करने और पाठ्यक्रम में सुपाठ्य और स्पष्ट पर्चे लिखने के महत्व को भी शामिल करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कहा कि इन निर्देशों का पालन अनिवार्य है। एनएमसी ने 15 दिसंबर को सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य विभाग के सचिवों एवं प्रधान सचिवों और इसके साथ ही इसके अधीन सभी चिकित्सा संस्थानों के निदेशकों व डीन को इस संबंध में पत्र भेजा। इसमें आयोग ने कहा कि यह निर्देश पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के 27 अगस्त के आदेशों के पर आधारित हैं। हाई कोर्ट के आदेशानुसार, एनएमसी को देश के सभी मेडिकल कालेजों और संस्थानों के पाठ्यक्रम के तहत दवा के पर्चों पर साफ लिखावट के महत्व को अनिवार्य रूप से शामिल कर इसे मजबूत करना होगा।कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि चिकित्सा संबंधी सुपाठ्य पर्चा या दस्तावेज संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत स्वास्थ्य के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा है। पत्र में कहा गया, प्रत्येक डाक्टर को दवाओं के जेनेरिक नाम स्पष्ट रूप से और बड़े अक्षरों में लिखकर देना चाहिए। उन्हें पर्चे पर दवाओं के संबंध में तर्कसंगत परामर्श और उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए।

# ऊना में लगातार पाकिस्तानी गुब्बारे मिलने से गहराया रहस्य, सुरक्षा एजेंसियां सतर्क




**ऊना, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**

ऊना जिले के उपमंडल गगरेट में एक ही सप्ताह में दो अलग अलग गांवो में पाकिस्तान इंटरनेशन एयरलाइन के गुब्बारे मिलने पर रहस्य एक बार फिर गहरा गया है। हाल ही में गगरेट के गांव चलेट में एक गांव में घर की छत पर विमान के आकार का गुब्बारा मिलने से सुरक्षा एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। इससे पहले ऊना के गांव टटेहड़ा में भी पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस की मुहर वाला ऐसा ही गुब्बारा बरामद हो चुका है। जानकारी के अनुसार इन गुब्बारों पर उर्दू में पीआईए लिखा होता है और ये अधिकतर रात या तड़के सुबह के समय गिरते पाए गए हैं। हैरानी की बात यह है कि यह सिलसिला कोई नया नहीं है, बल्कि बीते कई वर्षों से अलग-अलग समय पर जिले के विभिन्न इलाकों में ऐसे गुब्बारे मिलते रहे हैं, लेकिन आज तक इनके स्रोत और उद्देश्य का कोई ठोस सुराग नहीं लग पाया है।मामले को गंभीरता से लेते हुए ऊना पुलिस ने पड़ोसी राज्यों पंजाब और राजस्थान से संपर्क साधा है, जहां पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। साथ ही भारतीय वायुसेना से भी जांच करवाई गई है ताकि यह स्पष्ट किया जा सके कि इन गुब्बारों में किसी प्रकार की जासूसी चिप या तकनीकी उपकरण तो नहीं लगे हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार अब तक की जांच में इन गुब्बारों से किसी संदिग्ध गतिविधि की पुष्टि नहीं हुई है। न ही किसी तरह का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या ट्रैकिंग सिस्टम मिला है। इसके बावजूद लगातार ऐसे गुब्बारों का मिलना कई सवाल खड़े करता है।

फिलहाल किसी भी मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई है और बरामद गुब्बारों को पुलिस ने सुरक्षित रखा है जांच जारी है ।हालांकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक डिफ्यूज मिसाल भी उपमंडल गगरेट और चिंतपूर्णी के सीमा क्षेत्र तक पहुंच गई थी जिससे एक बात तो साफ है कि पाकिस्तान से उपमंडल गगरेट का एयर स्पेस ज्यादा दूर नहीं है लेकिन ऐसे गुब्बारे बार बार भारत सीमा में आना सवालिया निशान जरूर खड़ा करता है जैसे कबूतरों से तस्करी करवाई जाती थी क्या वैसे ही जासूसी या तस्करी के लिए अब इन गुब्बारों का प्रयोग तो नहीं हो रहा । फिलहाल प्रशासन पंचायतों को सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन का कहना है कि लंबे समय से चल रहे इस रहस्यमय सिलसिले की हर पहलू से जांच की जा रही है, लेकिन अब तक इसका कोई ठोस जवाब सामने नहीं आ सका है।गुब्बारे भारत मे अक्सर पाकिस्तान से सीमा पार करके भारत में आ जाते है जो सामान्य है लेकिन ये भी उतना ही संवेदनशील बन जाता है जब तस्करी की बात सामने आती है क्योंकि तस्कर अलग अलग हथकंडे अपना करना भारत में पाकिस्तान सीमा से चिट्टे की तस्करी करते रहते है ।

## पाकिस्तान की पानी में बढ़ेगी ताकत, चीन ने पाक के लिए बनाई चौथी हंगोर श्रेणी की पनडुब्बी गाजी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान नौसेना की हैंगोर श्रेणी की चौथी पनडुब्बी गाजी को चीन के शुआंगलिउ बेस में लान्च किया गया। अंतर-सेवा जनसंपर्क (आईएसपीआर) ने बताया कि यह पनडुब्बी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण समझौते के तहत चीन द्वारा निर्मित की गई है।सेना के अनुसार, इन पनडुब्बियों में उन्नत हथियार और सेंसर लगाए जाएंगे, जो दूर से लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम होंगे। गाजी के लॉन्च के साथ चीन में बन रही सभी चार पनडुब्बियां समुद्री परीक्षण के चरण में पहुंच चुकी हैं और इन्हें जल्द पाकिस्तान को सौंपा जाएगा। गाजी का लॉन्च समारोह वुहान में आयोजित हुआ, जिसमें दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। पाकिस्तान ने चीन के साथ आठ हैंगोर श्रेणी की पनडुब्बियों की खरीद का समझौता किया है।

# खन्ना में मतगणना के दौरान हंगामा, एनएच जाम, पुलिस को करना पड़ा लाठीचार्ज

**लुधियाना, 18 दिसम्बर [एजेंसी]।**



जिला परिषद और पंचायत समिति चुनाव की मतगणना बुधवार सुबह आठ बजे शुरू हुई। दिनभर शांतिपूर्ण ढंग से चली मतगणना शाम ढलते ही तनाव और हंगामे में तब्दील हो गई। चुनावी नतीजों में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी (आप) ने बढ़त बनाते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि कांग्रेस दूसरे और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) तीसरे पायदान पर रहा। ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस ने कड़ी टक्कर दी, वहीं शिअद ने एक बार फिर अपनी खोई जमीन वापस पाने के संकेत दिए हैं।पंचायत चुनाव में ब्लाक मुल्लांपुर खासा चर्चा में रहा। यहां विधायक मनप्रीत अयाली के समर्थित आजाद प्रत्याशियों ने राजनीतिक दलों को हैरान कर दिया। पंचायत समिति की 25 सीटों में से 17 पर अयाली समर्थित प्रत्याशी विजयी रहे। इसके अलावा जिला परिषद की तीन सीटों पर भी उनके समर्थकों ने शानदार जीत दर्ज की।पूड़ैण जोन से गुरमीत सिंह हांस, मोही जोन से प्रो. प्रदीप कौर लताला और हांस कलां जोन से अमनदीप कौर रूमी भारी मतों से विजयी रहीं। समराला ब्लाक की 15 पंचायत समिति सीटों में से नौ पर आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की।

इसके साथ ही जिला परिषद के खीरनिया और मूर्तियों जोन की दोनों सीटें भी आप के खाते में गईं। खन्ना के एएस मार्डन स्कूल में चल रही मतगणना के दौरान रात करीब नौ बजे अकाली दल कार्यकर्ताओं और प्रशासन के बीच तीखी बहस हो गई। स्थिति बिगड़ने पर पुलिस ने शिअद के हलका इंचार्ज यादविंदर यादू को हिरासत में ले लिया।इससे नाराज अकाली दल के कार्यकर्ताओं ने पुराना बस स्टैंड के पास नेशनल हाईवे जाम कर दिया। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही एसपी हरपिंदर कौर गिल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। प्रदर्शनकारियों के नहीं मानने पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा, जिसके बाद जाम खुलवाया जा सका। इस दौरान कुछ अन्य नेताओं को भी हिरासत में लिया गया।

# मेगा सीक्वल ईयर 2026, बॉर्डर 2 से दृश्यम 3 तक अगले साल रिलीज होंगे इन फिल्मों के पार्ट 2 और 3

2025 अब खत्म होने जा रहा है और इस साल कई बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी. अब सबकी नजरें 2026 पर टिक गई हैं, जो एक बार फिर सिनेमाघरों में तूफान लेकर आने वाला है. आने वाले साल में कई बड़े सीक्वल और थ्रीक्वल रिलीज होंगे, जिनका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इनकी पहली फिल्मों ने ही दमदार कहानी, जबरदस्त किरदार और यादगार पलों के साथ लोगों के दिल जीत लिए थे. अब वही कहानियां नए लेवल पर, और ज्यादा इमोशन, एक्शन और सरप्राइज ट्विस्ट के साथ वापस आ रही हैं.

एक्शन से भरपूर बड़े शोक्कशॉक तक, दमदार थ्रिलर से लेकर रोमांचक पुलिस ड्रामा तक, कई मेगा फ्रेंचाइजी अब अपने अगले धमाकेदार चैप्टर्स के साथ वापसी के लिए तैयार हैं. 2026 में सिनेमाघरों पर पूरी तरह हावी होने वाली ब्लॉकबस्टर सीक्वल वेव कुछ ऐसी दिखने वाली है, बस सीट बेल्ट बांधकर इंतजार कीजिए. बॉर्डर 1997 की देशभक्ति वाली वह फिल्म, जिसे आज भी लोग बहुत प्यार से याद करते हैं. अब उसी फिल्म का बहुत समय से इंतजार किया जा रहा दूसरा भाग बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है. यह फिल्म अनुराग सिंह के निर्देशन में बनाई जा रही है. इसमें एक जबरदस्त कलाकारों की टीम होगी सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी, और सोनम बाजवा, मोना सिंह, मेधा राना भी खास किरदारों में दिखेंगी. फिल्म की रिलीज डेट 23 जनवरी 2026 तय हो चुकी है. यानी नए साल की शुरुआत ही देशभक्ति और जोश से भरने वाली है.

पहली फिल्म वध को मिली तारीफ के बाद अब संजय मिश्रा और नीना गुप्ता फिर से साथ वध 2 में नजर आएंगे. यह फिल्म पिछली कहानी का सीधा हिस्सा नहीं है, बल्कि एक स्पिरिचुअल सीक्वल की



तरह होगी, जिसमें नई कहानी और नए किरदार दिखाए जाएंगे. इस बार कहानी बदली हुई होगी, लेकिन जो भावनात्मक टोन पहली फिल्म में था, वही अहसास इसमें भी बरकरार रखा जाएगा. यानी डर, तनाव और इमोशन सब एक बार फिर दर्शकों को पकड़कर रखने वाले हैं. फिल्म को लव फिल्म्स ने प्रेजेंट किया है. इसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और डायरेक्ट किया है, जबकि लव रंजन और अंकुर गर्ग इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं. दर्शकों को ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा, क्योंकि वध 2 बड़े पर्दे पर 6 फरवरी 2026 को रिलीज होने जा रही है. ब्लॉकबस्टर धमाल फ्रेंचाइजी का चौथा पार्ट एक बार फिर सिनेमाघरों में जबरदस्त कॉमेडी लेकर आने के लिए तैयार है. इस बार भी फिल्म में अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, संजय मिश्रा, जावेद जाफ़री, संजिदा शेख, अंजलि आनंद, उपेंद्र लिमये, विजय पाटक और रवि किशन जैसे जबरदस्त स्टारकास्ट है, जो अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं. फिल्म को गुलशन कुमार और टी-सीरीज ने देवगन फिल्म्स के साथ मिलकर पेश किया है. यह टी-सीरीज फिल्म्स, मारुति इंटरनेशनल और पैनोरामा स्टूडियोज का प्रोडक्शन है, जिसे इंद्र कुमार डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म को अजय देवगन, भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अशोक ठकेरिया, इंद्र कुमार, आनंद पंडित और कुमार मंगत पाठक प्रोड्यूस कर रहे हैं. धमाल 4 की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है, फिल्म इस बार ईद 2026 पर थिएटर्स में हंसी का धमाका करने आएगी. रानी मुखर्जी एक बार फिर दमदार पुलिस अफसर शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में मर्दानी 3 में वापसी करने जा रही हैं. अभिराज मिनावाला के निर्देशन में बनी यह फिल्म यश राज फिल्म्स के बैनर तले तैयार हो रही है. मर्दानी फ्रेंचाइजी आज भी हिंदी सिनेमा की सबसे सफल महिला-केंद्रित सीरीज मानी जाती है. इस बार कहानी में शिवानी का सामना अब तक के सबसे मुश्किल और खतरनाक केस से होने वाला है. दांव और भी बड़े हैं और उनकी जंग पहले से ज्यादा तीखी होने वाली है. फिल्म की रिलीज डेट भी तय हो चुकी है और 27 फरवरी 2026 को ये फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी. धुरंधर की जोरदार सफलता के बाद, जो आज भी बॉक्स ऑफिस पर नए-नए रिकॉर्ड तोड़ रही है, अब टीम इसके सीक्वल के लिए पूरी तरह तैयार हो रही है. पहले पार्ट में रणवीर सिंह के साथ संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, अक्षय खन्ना और आर. माधवन जैसे दमदार स्टार धमाल मचा रहे हैं. आदित्य धर द्वारा निर्देशित इस अगली कहानी यानी सीक्वल को 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना तय हो चुका है.धमाकेदार दो भागों के बाद, मोहनलाल एक बार फिर जॉर्जकुट्टी के रूप में अपनी वापसी कर रहे हैं, उस फिल्म में जिसका इंतजार हर फैन बेसब्री से कर रहा है. दृश्यम 3. इस क्राइम थ्रिलर को जीथू जोसेफ ने डायरेक्ट किया है और इसकी शूटिंग हाल ही में पूरी हो चुकी है. अब फिल्म रिलीज की तैयारी में जोर-शोर से लगी हुई है. फ्रेंचाइजी के इस तीसरे चैप्टर को लेकर उम्मीदें पहले से ही बहुत ज्यादा है, क्योंकि दर्शक जानना चाहते हैं कि इस बार जॉर्जकुट्टी क्या नया खेल खेलने वाले हैं. फिल्म को मार्च 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना तय किया गया है और अब बस दर्शकों को इंतजार है उस दिन का, जब यह कहानी एक बार फिर सबको चौंका देगी.

2011 में रिलीज हुई हॉन्टेड 3डी में मिमोह चक्रवर्ती और टिया बाजपेयी मुख्य भूमिका निभाई थी. फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था. अप्रैल 2025 में हॉन्टेड 3डी के सीक्वल के प्रोड्यूसर आनंद पंडित ने फिल्म के टाइटल हॉन्टेड 3डी: घोस्ट ऑफ पास्ट और रिलीज डेट का एलान किया था. फिल्म 26 सितंबर 2025 को रिलीज होनी थी और अब फिल्म जनवरी 2026 में रिलीज होने जा रही है. इमरान हाशमी और श्रेया सरन स्टारर फिल्म आवारापन 2007 में रिलीज हुई थी और 18 साल बाद इसके पार्ट 2 आवारापन 2 का एलान हुआ. इमरान हाशमी फिल्म में लीड एक्टर होंगे और नितिन कक्कर फिल्म का निर्देशन करेंगे. कहा जा रहा है कि इस बार इमरान हाशमी की एक्ट्रेस दिशा पटानी होंगी और फिल्म अप्रैल 2026 को रिलीज होगी.अदिवी शेष स्टारर स्पाई फिल्म जी2 (गुडाचारी 2) आगामी साल की 1 मई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है. यह फिल्म गुडाचारी (2018) की सीक्वल है, जिसमें अदिवी शेष एजेंट गोपी के रूप में लौट रहे हैं, और उनके साथ इमरान हाशमी और वामिका गब्बी भी मुख्य भूमिकाओं में हैं.

साल 2023 में एक्शन ड्रामा फिल्म जेलर से रजनीकांत ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था. जेलर की कामयाबी के बाद से रनजीकांत के फैंस अब फिल्म जेलर 2 के इंतजार में बैठे हैं. थलाइवा के फैंस को कल फिल्म से जुड़ा बड़ा तोहफा में मिल जाए. जेलर की रिलीज डेट 12 जून 2026 बताई जा रही है. शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कॉकटेल 2 का इंतजार भी दर्शकों को है. फिल्म का पहले पार्ट में सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने शानदार काम किया था. कॉकटेल 2 का निर्देशन होमी अदजानिया कर रहे हैं. रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म जून 2026 में रिलीज हो सकती है.

## देसी लुक में कहर ढाती दिखीं अवनीत कौर कातिल स्माइल ने इंटरनेट पर मचाया तहलका



अवनीत कौर का नया देसी अवतार सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है. टीवी से बॉलीवुड तक अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए मशहूर अवनीत ने इस बार अपने ट्रेडिशनल लुक से फैंस का दिल जीत लिया है. इंस्टाग्राम पर शेयर की गई उनकी लेटेस्ट तस्वीरें कुछ ही मिनटों में वायरल हो गईं.

अवनीत कौर ने अपने इंस्टाग्राम पर कुछ नई तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह पीच कलर की खूबसूरत कढ़ाई वाली अनारकली पहने नजर आ रही हैं. जिसमें वो बेहद खूबसूरत और एलिगेंट दिख रही हैं.

इस आउटफिट के साथ अवनीत कौर ने मैचिंग दुपट्टा कैरी किया है, जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है. फैंस को उनका यह सिंपल लेकिन रॉयल अंदाज खूब भा रहा है. जिसपर फैंस की नजरें अटक गईं.

अपने इस ट्रेडिशनल लुक को पूरा करने के लिए अवनीत ने खुले कर्ली बाल, न्यूड ग्लोसी मेकअप और माथे पर लाल रंग की छोटी सी बिंदी लगाई है. उनकी ये बिंदी और स्माइल ने फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं. कमेंट सेक्शन में कई फैंस ने लिखा- ये लुक तो आग लगा रहा है!

तस्वीरों में अवनीत कभी कैमरे में देखते हुए मुस्कुराती दिखीं, तो कभी अपने दुपट्टे को संभालते हुए पोज देती नजर आईं. खास बात यह रही कि उनकी कातिल स्माइल ने इंटरनेट का टेंपरेचर तेजी से बढ़ा दिया. कुछ ही देर में फोटो पर हजारों लाइक्स बरस पड़े और कमेंट्स की झड़ी लग गई.

अवनीत की हर तस्वीर पर फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. किसी ने उनकी स्माइल को हार्ट स्टीलर बताया तो किसी ने लिख दिया- देसी गर्ल अवनीत, अनबीटेबल! उनकी पॉपुलैरिटी सोशल मीडिया पर लगातार बढ़ रही है और यह फोटोशूट इसका एक और प्रमाण बन गया है.

अवनीत के अगर काम की बात करें, तो एक्ट्रेस शांतनु महेशिवरी के साथ लव इन वियतनाम में काम करती दिखाई दी थी. हालांकि फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी, लेकिन अवनीत की एक्टिंग को दर्शकों ने से खूब प्यार मिला था. फैंस को अवनीत कौर के अगले प्रोजेक्ट्स का बेसब्री से इंतजार हैं. बहरहाल, अवनीत कौर का यह देसी अवतार साबित करता है कि चाहे वेस्टर्न हो या ट्रेडिशनल, एक्ट्रेस हर लुक में दिल जीतना बखूबी जानती हैं.

## रात अकेली है 2 का ट्रेलर जारी, बंसल मर्डर्स की गुत्थी सुलझाने लौटे नवाजुद्दीन सिद्दीकी



बॉलीवुड अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में लौट रहे हैं। उनकी आगामी फिल्म रात अकेली है: द बंसल मर्डर्स का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जो नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। इंस्पेक्टर जटिल यादव के किरदार में नवाजुद्दीन के साथ, राधिका आप्टे की वापसी हुई है। ट्रेलर में कुछ नए चेहरों ने लोगों का उत्साह बढ़ा दिया है। इंस्पेक्टर जटिल की मुश्किल बढ़ी है, क्योंकि उन्हें एक पूरे परिवार की हत्या की गुत्थी सुलझानी है। रात अकेली है 2 का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है जिसमें संजय कपूर और चित्रांगदा सिंह भी अहम किरदार में हैं। इस बार कहानी बंसल परिवार पर आधारित है, जिसकी हत्या के शक की सुई कई प्रभावशाली लोगों पर घूमती दिखी है। रात अकेली है 2, 2020 की पहली फिल्म का सीक्वल है, जिसके निर्देशन की कमान हनी त्रेहान ने संभाली है। फिल्म 19 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर दस्तक देने के लिए बिल्कुल तैयार है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि अमीर बंसल परिवार के सभी सदस्यों का उनके घर में बेरहमी से मर्डर हो जाता है। सिर्फ मीरा बंसल अकेली बचती हैं, जो शायद कुछ राज छिपा रही हैं। इस केस के तार गुरु मां और उनके चेलों से भी जुड़ते हैं। केस कई दिशाओं में जाता है और अब इंस्पेक्टर जतिल को इस रहस्य को सुलझाना है और सच्चाई का पता लगाना है।

## किस किसको प्यार करूं 2 से पारुल गुलाटी का बॉलीवुड डेब्यू, मां की बातों को याद कर हुई भावुक



कॉमेडी किंग कपिल शर्मा की फिल्म किस किसको प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में कपिल के साथ आयशा खान, पारुल गुलाटी, त्रिधा चौधरी, हीरा वरीना और मनजोत सिंह भी हैं। फिल्म रिलीज होने पर पारुल गुलाटी ने अपनी खुशी जाहिर की। अभिनेत्री का कहना है कि यह फिल्म उनके लिए खास है। उनकी पहली फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक इमोशनल वीडियो शेयर किया, जिसमें उन्होंने अपने 15 साल के लंबे सफर की कहानी सुनाई। पारुल ने बताया कि उनकी मां हमेशा हौसला देती थी और कहती थीं कि तेरी किस्मत का कोई नहीं छीन सकता। अगर ऊपर वाले की मेहर होगी, तो तुझे वो भी मिल जाएगा, जो तेरी नहीं है। पारुल ने अपने सफर को याद करते हुए कहा, मैंने अपने करियर की शुरुआत टेलीविजन से की थी। उसके बाद वेब सीरीज की, पंजाबी फिल्में भी की, लेकिन वो भी ज्यादा नहीं चली। फिर मैंने जाकर बिजनेस शुरू किया। कई बार लगा शायद एक्टिंग मेरे लिए नहीं है, लेकिन इस बीच मुझे कभी एक्टिंग छोड़ने का ख्याल नहीं आया, क्योंकि एक्टिंग मेरे लिए एक शादी की तरह है और बिजनेस मेरा बच्चा है।

अभिनेत्री ने बताया कि जब-जब उन्हें रिजेक्शन मिलते थे, तो उनके मन में सवाल उठता था कि कहीं मेरे में तो कमी नहीं है। लेकिन, मां समझाती थीं, निशु, तुम्हारे लिए इससे बेहतर कुछ लिखा है।

अभिनेत्री ने लिखा, 15 साल का इंतजार, ये सब ज्यादा है, या फिर कम मुझे नहीं पता, लेकिन आज जब मेरी पहली बॉलीवुड फिल्म थिएटर में लगी है, तो बहुत भावुक हूं। आज मुझे भगवान और किस्मत पर यकीन हो गया है।

अभिनेत्री के पोस्ट शेयर करने के बाद फैंस और दोस्तों ने कमेंट सेक्शन में तरह-तरह की प्रतिक्रिया दी। कंटेंट क्रिएटर नेन्सी त्यागी और शनाया कपूर ने हार्ट इमोजी के साथ प्रतिक्रिया दी। वहीं, अभिनेत्री जीया शंकर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, बधाई हो। आपको ढेर सारा प्यार और मेरी तरफ से बहुत शुभकामनाएं। एली एवराम ने लिखा, तुम्हारे लिए बहुत खुश हूं। तुम्हें ढेर सारा प्यार, पारुल।

## धुरंधर बॉक्स ऑफिस: 8वें दिन की कमाई से तोड़ा वॉर 2 का रिकॉर्ड, रणवीर सिंह की फिल्म 250 करोड़ के पार



धुरंधर अपने दूसरे वीकेंड में एंटर कर चुकी है. फिल्म जितनी खतरनाक है, इसकी कमाई भी भयंकर होती जा रही है. धुरंधर ने अपने दूसरे वीकेंड पर एक एक बार फिर हुंकार भरती नजर आ रही है. फिल्म ने अपने 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को बॉक्स ऑफिस पर तबाही मचा दी है. धुरंधर की कमाई ने फिर आसमान छुआ है. धुरंधर यकीन इस वर्ल्डवाइड इस वीकेंड 300 करोड़ रुयपे का आंकड़ा पार करने जा रही है. भारत में फिल्म 250 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुकी है. चलिए जानते हैं फिल्म धुरंधर ने आठवें दिन अपनी कमाई से क्या करिश्मा किया है. धुरंधर ने 28.60 करोड़ रुपये से खाता खोला था. दूसरे दिन 33.10 करोड़ रुपये और तीसरे दिन यानी पहले रविवार को 44.80 करोड़ रुपये का छप्पर फाड़ कलेक्शन किया था. फिल्म धुरंधर ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले वीकेंड पर भारत में कुल 106.50 करोड़ रुपये और वर्ल्डवाइड 160.15 करोड़ रुपये कमाए थे. फिल्म ने चौथे दिन 24.30 करोड़ रुपये, पांचवें दिन 28.60 करोड़ रुपये कमो और फिल्म ने भारत में 5 दिनों में 150 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर 159.40 करोड़ रुपये की कमाई कर ली थी.

वहीं, फिल्म ने छठे दिन 29.20 करोड़ रुपये और सातवें दिन 29.40 करोड़ रुपये की कमाई की. ऑफिशियल आंकड़ों के अनुसार फिल्म का एक हफ्ते में भारत में कुल कलेक्शन 218.25 करोड़ रुपये हो चुका है. फिल्म ने आठवें दिन बॉक्स ऑफिस पर गदर मचा दिया है. फिल्म ने 34.70 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. धुरंधर की तीसरी बार हाइएस्ट दैनिक कमाई है. इसी के साथ धुरंधर का घेरलू कलेक्शन 252.70 करोड़ रुपये हो गया है. धुरंधर ने घरेलू बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर स्टारर स्पाई एक्शन फिल्म वॉर 2 की कमाई (236 करोड़ रुपये-घरेलू) का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. इसी के साथ धुरंधर साल की 5 सबसे कमाऊ फिल्म की लिस्ट में आ गई है.धुरंधर का शुक्रवार 8 वें दिन हिंदी बेल्ट में ओवरऑल ऑक्यूपेंसी रेट 45.81 फीसदी रहा. इसमें मॉर्निंग शो में 19.64 फीसदी, दोपहर के शो में 37.37 फीसदी, इवनिंग शो में 53.08 फीसदी, नाइट शो में 73.16 फीसदी ऑक्यूपेंसी रेट दर्ज हुआ है.

उरी द सर्जिकल स्ट्राइकल के डायरेक्टर आदित्य धर ने धुरंधर से भी धमाल मचा दिया है. फिल्म की कमाई की रफ्तार बढ़ती ज रही है. रणवीर सिंह, अक्षय खन्ना, अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर माधवन स्टारर फिल्म ने सच में धमाका मचा दिया है.

कपिल शर्मा की कॉमेडी फिल्म किस किस को प्यार करूं का सीक्वल किस किस को प्यार करूं 2 सिनेमाघरों में आ गया है और इसने उम्मीद से काफी कम कमाई की है। पहले दिन ये फिल्म महज 1.75 करोड़ रुपये कमा पाई है। रणवीर सिंह की धुरंधर की ताबड़तोड़ रफ्तार ने कपिल की फिल्म को बुरी तरह पछाड़ दिया है। किस किस को प्यार करूं 2 कमजोर शुरुआत के बाद वीकेंड से थोड़ी बहुत सुधार की आस लगाए बैठी है।

## जिन्न-एक अनोखी कहानी पर आधारित सस्पेंस हॉरर थ्रिलर, 19 दिसंबर को भव्य रिलीज

हाल ही में, नई और अनूठी कहानियों वाली फिल्मों को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। दमदार विषयवस्तु वाली फिल्में भी बड़ी सफलता हासिल कर रही हैं। इसी तर्ज पर निर्देशक चिन्मय राम एक बिल्कुल नई सस्पेंस हॉरर थ्रिलर फिल्म जिन्न लेकर आ रहे हैं, जो एक अनोखी शैली में बनी है और इसका विषय इतना रोचक है कि यह हर वर्ग के दर्शकों को पसंद आएगी। इस फिल्म में अम्मिथ राव मुख्य भूमिका में हैं और इसका निर्माण निखिल एम. गौड़ा द्वारा सादालम्मा फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले किया जा रहा है। वरदराज चिक्कबल्लापुरा ने संवाद लिखे हैं। अब तक जारी किए गए पोस्टर और वीडियो को दर्शकों से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है और उम्मीदें काफी बढ़ गई हैं। बढ़ते क्रेज के बीच, यह तेलुगु फिल्म 19 दिसंबर को भव्य सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। फिल्म में मुख्य भूमिकाएं परवेज़ सिम्भा, प्रकाश थुम्बिनाडु, रवि भट्ट, संगीता और बलराज वाडी ने निभाई हैं, जबकि एलेक्स ने संगीत तैयार किया है। फिल्म का शीर्षक जिन्न ही इसकी सफलता का मुख्य




कारण साबित हुआ है। न सिर्फ कहानी बल्कि शीर्षक की अनूठी शैली भी फिल्म को दर्शकों तक आसानी से पहुंचने का मजबूत मौका देती है। फिल्म की शूटिंग हैदराबाद और कई अन्य स्थानों पर की गई है जो कहानी के अनुरूप हैं, और बताया जाता है कि निर्माताओं ने इस परियोजना को भव्य पैमाने पर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। फिल्म निर्माण दल को पूरा भरोसा है कि दमदार विषयवस्तु और प्रस्तुति का तरीका फिल्म को सिनेमाघरों में निश्चित रूप से सफल बनाएगा। हालांकि दर्शकों ने कई सस्पेंस हॉरर थ्रिलर फिल्में देखी हैं, लेकिन टीम का वादा है कि जिन्न एक बिल्कुल अलग अनुभव साबित होगी।

## हेब्बा पटेल और अनिरुद्ध श्रीवास्तव अभिनीत फिल्म मारियो का ट्रेलर रिलीज़



हेब्बा पटेल और अनिरुद्ध श्रीवास्तव अभिनीत तेलुगु फिल्म मारियो का ट्रेलर रिलीज़ हो गया है। नाटकम और तीस मार खान जैसी फिल्मों के निर्देशक कल्याणजी गोगना द्वारा निर्मित, मारियो (ए टर्बो-चार्ज्ड रैंप राइड) एक क्राइम थ्रिलर..कॉमेडी फिल्म है। मुंबई की अभिनेत्री हेब्बा पटेल, जो फिल्म कुमारी 21 एफ से लोकप्रिय हुईं, कुछ अंतराल के बाद इस फिल्म के साथ टॉलीवुड दर्शकों का मनोरंजन करने जा रही हैं। ट्रेलर ज्यादातर हास्यपूर्ण है और इसने फिल्म की कॉमेडी को बढ़ा दिया है। निर्देशक कल्याणजी गोगना, जिन्होंने अपनी पिछली फिल्मों में कॉमेडी और रोमांच का सफलतापूर्वक समन्वय किया है और सफलता हासिल की है, इस बार एक सिनेमाई अनुभव प्रदान करने वाले हैं। खासकर ट्रेलर देखकर ऐसा लगता है मारियो का निर्माण सिल्वर स्क्रीन प्रोडक्शंस के बैनर तले और रिजवान एंटरटेनमेंट द्वारा सह-निर्मित किया जा रहा है। साई कार्तिक और राकेन्दु मौली फिल्म का संगीत तैयार कर रहे हैं। छायांकन एमएन रेड्डी ने किया है। राकेन्दु मौली, मौर्य सिद्धवरम, यशना मुथुलुरी, कल्पिका गणेश, मादी मन्नेपल्ली, लता रेड्डी और अन्य मुख्य कलाकार हैं। फिल्म 19 दिसंबर को दस्तक देने के लिए बिल्कुल तैयार है।

# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई,2 वाहन जप्त



**कोरिया बैकुंठपुर।** महलपारा के पास खनिज विभाग की टीम ने अवैध रेत परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को पकड़ा है। खनिज विभाग को मिली सूचना के आधार पर की गई जांच के दौरान एक ट्रैक्टर और एक 407 वाहन में अवैध रूप से रेत का परिवहन किया जा रहा था।

खनिज विभाग की टीम ने मौके पर जांच की तो ट्रैक्टर वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएन 9778 तथा एक 407 वाहन में रेत भरी हुई पाई गई। जांच के दौरान दोनों वाहनों के चालकों से परिवहन से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों की मांग की गई, लेकिन वे पीट पास (खनिज परिवहन पास) प्रस्तुत नहीं कर सके। नियमों के अनुसार बिना वैध पास के खनिज परिवहन अवैध माना जाता है। खनिज विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम,1957 की धारा 4(1) एवं 4(1क) के उल्लंघन के तहत की गई है। साथ ही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम, 2015 के अनुसार बिना अनुमति और बिना परिवहन पास के रेत का उत्खनन व परिवहन दंडनीय अपराध है। नियमों के तहत ऐसे मामलों में वाहन जब्ती,अर्थदंड एवं जुर्माने का प्रावधान है। कार्रवाई के बाद खनिज विभाग की टीम दोनों वाहनों को जब्त कर कलेक्टर कार्यालय बैकुण्ठपुर ले गई,जहां आगे की वैधानिक प्रक्रिया की जा रही है। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा। बिना अनुमति रेत उत्खनन या परिवहन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे अवैध खनन या परिवहन की जानकारी विभाग को दें,ताकि प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सके।

## लंबे समय से विवादों में रहे जामवंत को वन विभाग ने पकड़ा, क्षेत्रवासियों को मिली राहत



**चिरमिरी।** मनेद्रगढ़ क्षेत्र में लंबे समय से दहशत और विवाद का कारण बने जंगली जानवर जामवंत (भालू) को आखिरकार वन विभाग ने सफलतापूर्वक पकड़ लिया है। भालू की लगातार सक्रियता के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था और पूरा इलाका मानो युद्ध स्थल में तब्दील हो गया था। देर से ही सही, लेकिन वन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

जानकारी के अनुसार, बीते कई महीनों से मनेद्रगढ़ और आसपास के ग्रामीण इलाकों में भालू की आवाजाही बनी हुई थी। रात के समय भालू की दहाड़, खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचाना और आबादी वाले क्षेत्रों में पहुंच जाना आम बात हो गई थी। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। कई बार स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को घर से बाहर निकलने में भी डर लगने लगा था। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद वन विभाग पर कार्रवाई का दबाव बढ़ता जा रहा था। वन विभाग की टीम ने भालू की गतिविधियों पर लंबे समय तक नजर रखी। विशेषज्ञों की मदद से क्षेत्र में पिंजरे लगाए गए और पूरी योजना के साथ रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग को सफलता मिली और भालू को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया गया। इसके बाद उसे मनेद्रगढ़ से दूर एक सुरक्षित एवं दूरस्थ वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया, ताकि वह प्राकृतिक वातावरण में रह सके और मानव आबादी के लिए खतरा न बने। भालू की वजह से मनेद्रगढ़ क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई थी। कई बार अफवाहें भी फैलीं, जिससे हालात और बिगड़ गए। लोग रात भर जागकर पहरा देने को मजबूर थे। स्थानीय किसानों को फसल नुकसान का सामना करना पड़ा, वहीं राहगीरों में भी भय बना रहता था। ऐसे में वन विभाग की यह कार्रवाई आम नागरिकों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भालू पकड़े जाने के बाद क्षेत्र में शांति का माहौल लौटने लगा है। बच्चों का स्कूल जाना, किसानों का खेतों में काम करना और आम लोगों का सामान्य आवागमन अब पहले की तरह संभव हो सका है। नागरिकों ने वन विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया है, हालांकि कई लोगों का यह भी कहना है कि यदि कार्रवाई समय रहते की जाती तो स्थिति इतनी गंभीर नहीं होती। इस पूरे घटनाक्रम में कुछ तथाकथित 'आंदोलनजीवी' लोग भी चर्चा में रहे, जो भय और अफवाहों के माहौल में अपनी सक्रियता बनाए हुए थे। भालू के पकड़े जाने के बाद उन्हें भी राहत मिली है, क्योंकि अब क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल हो रही है। कुल मिलाकर, मनेद्रगढ़ में जामवंत (भालू) को पकड़ने की वन विभाग की कार्रवाई को सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इससे न केवल मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करने में मदद मिली है, बल्कि आम नागरिकों के मन में सुरक्षा का विश्वास भी लौटा है। अब क्षेत्रवासी उम्मीद कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए वन विभाग पहले से अधिक सतर्क और सक्रिय भूमिका निभाएगा।



## जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष ने विधायक से की सौजन्य मुलाकात

**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व कैबिनेट मंत्री भैयालाल राजवाड़े वर्तमान में रायपुर स्थित ङ्कङ्घ्रस्न हॉस्पिटल में उपचाररत हैं। उनके स्वास्थ्य की जानकारी लेने एवं कुशलक्षेम जानने के लिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल तथा ठेकेदार नवल किशोर पांडे अस्पताल पहुंचे और उनसे भेंट की। भेंट के दौरान श्री जायसवाल ने विधायक श्री राजवाड़े के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि विधायक जी जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर पुन: जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। इस दौरान विधायक श्री राजवाड़े ने भी आगंतुकों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि भैयालाल राजवाड़े बैकुंठपुर क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि रहे हैं और उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में क्षेत्र के विकास, जनकल्याण एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को सदैव प्राथमिकता दी है। उनके स्वास्थ्य की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्र में उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों द्वारा लगातार उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामनाएं की जा रही हैं।अस्पताल में हुई इस मुलाकात के दौरान वातावरण भावनात्मक रहा। सभी ने यह विश्वास जताया कि विधायक श्री राजवाड़े जल्द स्वस्थ होकर जनता के बीच लौटेंगे और क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति देंगे। क्षेत्रवासियों एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं में उनके शीघ्र स्वस्थ होने को लेकर आशा और सकारात्मक माहौल बना हुआ है।

## पेंटर संघ ने रोजगार की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में पेंटर भाइयों की लगातार बढ़ती बेरोजगारी को लेकर पेंटर संघ ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है। इसी क्रम में 17 दिसंबर को पेंटर संघ के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए जिले के पेंटरों को सीधे रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की है। संघ का कहना है कि शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों में होने वाले पुताई, लेखन एवं चित्रकारी जैसे कार्य ठेकेदारों को दिए जा रहे हैं, जिससे स्थानीय पेंटर भाईयों को काम नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन में संघ ने उल्लेख किया है कि जिले में बड़ी संख्या में पेंटर परिवार ऐसे हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह इसी कार्य पर निर्भर है। लेकिन कार्य ठेकेदारी प्रथा के कारण स्थानीय पेंटरों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिसके चलते वे बेरोजगारी के कठिन दौर से गुजर रहे हैं। कई पेंटरों के सामने परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की शिक्षा जैसी बुनियादी समस्याएं खड़ी हो गई हैं। पेंटर संघ का कहना है कि यदि शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों एवं अन्य सरकारी भवनों में होने वाले पुताई, लेखन और चित्रकारी के कार्य सीधे पेंटरों को दिए जाएं, तो इससे उन्हें नियमित रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। संघ ने यह भी मांग की है कि जिले में पेंटरों की सूची तैयार कर उन्हें प्राथमिकता के आधार पर कार्य दिया जाए। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह मांग किसी प्रकार के विरोध या टकराव के लिए नहीं, बल्कि अपने हक और सम्मानजनक रोजगार के लिए है। उन्होंने जिला प्रशासन से सकारात्मक पहल करने की अपील की है। पेंटर संघ को उम्मीद है कि कलेक्टर इस गंभीर समस्या को समझते हुए शीघ्र ही उचित निर्णय लेंगे, जिससे जिले के पेंटर भाइयों को राहत मिल सके और उन्हें रोजगार का अवसर प्राप्त हो सके।

## जल संरक्षण ने खोले आजीविका के नए द्वार

**एमसीबी।** ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ खेती है और खेती की सबसे बड़ी आवश्यकता है-पानी। जब पानी उपलब्ध होता है, तो खेत हरे-भरे होते हैं, किसान आश्वस्त होता है और गांव में समृद्धि का रास्ता खुलता है।

## हिन्दू महासम्मेलन सनातन एकता का महोत्सव



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिले के ग्राम बरदिया में 25 दिसम्बर 2025 को भव्य हिन्दू महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन की तैयारी बैठक ग्राम पुटा में सम्पन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी समाज के लोग उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि महासम्मेलन में धर्म, संस्कृति और समाज की एकता को सुदृढ़ करने हेतु विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रवचन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, समाज सुधार विषयक चर्चा तथा युवा पीढ़ी को सनातन परंपराओं से जोड़ने के लिए विशेष सत्र रखे जाएंगे। मुख्य उद्देश्य सनातन धर्म और संस्कृति का प्रचार-प्रसार, समाज में सहयोग और संगठन की भावना को बढ़ाना, युवाओं को परंपराओं से जोड़ना,ग्राम एवं क्षेत्रीय स्तर पर एकता और जागरूकता का वातावरण बनाना आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और युवाओं से आग्रह किया है कि वे इस महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सनातन धर्म की ज्योति को प्रज्वलित करें और समाज में एकता का संदेश फैलाएँ।

# एनसीसी कैडेटों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आयुष विभाग ने किया जागरूक, अमल करेंगे छात्र



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला कलेक्टर के निर्देश एवं जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में 17 दिसंबर 25 को शासकीय रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बैकुंठपुर में एनसीसी कैडेटों के लिए व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण एवं जन-जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शीत ऋतु में होने वाले विभिन्न रोगों की पहचान, उनके लक्षणों एवं बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा एनसीसी प्रशिक्षण शिविर से पूर्व कैडेटों का स्वास्थ्य परीक्षण करना रहा।

शिविर के दौरान आयुष विभाग की टीम द्वारा शीत ऋतु में आमतौर पर होने वाली सर्दी-खांसी, जुकाम, बुखार, त्वचा रोग, जोड़ों के दर्द सहित अन्य मौसमी बीमारियों के लक्षणों की विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही इन रोगों से बचाव के लिए आयुष पद्धतियों के माध्यम से अपनाए जाने वाले घरेलू उपायों, योग, प्राणायाम एवं जीवनशैली संबंधी सुझाव भी साझा किए गए। इसके अतिरिक्त गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा आदि के लक्षणों एवं उनके दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में भी कैडेटों को जागरूक किया गया। शिविर में स्वच्छता के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। हाथों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल का उपयोग, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं आसपास के वातावरण को साफ रखने से होने वाले स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। साथ ही सुपोषण के महत्व को रेखांकित करते हुए संतुलित आहार, पौष्टिक भोजन एवं दैनिक जीवन में पोषणयुक्त तत्वों के समावेश की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया। चिकित्सा शिविर के अंतर्गत एनसीसी कैडेटों का प्रशिक्षण कैंप से पूर्व स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें रक्तचाप, वजन, सामान्य शारीरिक जांच सहित अन्य आवश्यक परीक्षण किए गए। जिन कैडेटों में किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या पाई गई, उन्हें आवश्यक औषधि नि:शुल्क प्रदान की गई तथा आगे की चिकित्सा सलाह भी दी गई। इस आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृपा कल्याणी टोप्पो, एनसीसी ऑफिसर संजीव जायसवाल एवं विद्यालय परिवार का विशेष सहयोग सराहनीय रहा। उनके सहयोग से शिविर का संचालन सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में आयुष विंग जिला चिकित्सालय, बैकुंठपुर, जिला कोरिया के चिकित्सकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से डॉक्टर बी. आर. नायक, श्रीमती मनीषा सिरमौर एवं पीतांबर सिंह द्वारा कैडेटों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस प्रकार यह स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर एनसीसी कैडेटों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ, जिससे उन्हें अनुशासित, स्वस्थ एवं जागरूक नागरिक बनने में सहायता मिलेगी।

## पिपरिया गांव में रोजगार गारंटी से तालाब निर्माण से दो फसल ले रहे किसान

**एमसीबी।** जिले की जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत पिपरिया में महात्मा गांधी नरेगा के तहत स्वीकृत पिपरिया मिनी तालाब निर्माण कार्य ने ग्रामीण विकास, जल संरक्षण और किसानों की आर्थिक स्थिति में सकारात्मक बदलाव की एक सशक्त मिसाल पेश की है। व्यक्तिगत लाभार्थी केषेलाल सिंह पिता जिरजोधन सिंह के नाम पर स्वीकृत यह कार्य वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3.00 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से ग्राम पंचायत द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। यह परियोजना न केवल एक निर्माण कार्य रही, बल्कि ग्रामीण जीवन में स्थायित्व, आत्मनिर्भरता और समृद्धि का आधार भी बनी। इस परियोजना का मूल उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर निस्तार और सिंचाई की स्थायी एवं भरोसेमंद व्यवस्था सुनिश्चित करना था। ग्राम पिपरिया जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में खेती लंबे समय से वर्षा पर निर्भर रही है, जिसके कारण अनिश्चित मौसम और जल की कमी का सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ता था। पानी की अनुपलब्धता के कारण खेतों में समय पर सिंचाई नहीं हो पाती थी।

## वन अधिकार प्रकोष्ठ में समन्वयक पदों पर होगी नियुक्ति, आवेदन प्रक्रिया शुरू

### आवेदन करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2025 तक

**एमसीबी।** अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 तथा उससे संबंधित नियमों के प्रभावी, पारदर्शी एवं सुचारू क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर द्वारा जिला स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक वन अधिकार अधिनियम) के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। यह नियुक्ति पूर्णत: अशासकीय एवं अस्थायी प्रकृति की होगी। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति एक वर्ष की निर्धारित अवधि के लिए जिला स्तर पर की जाएगी। जिला स्तरीय समन्वयक पद हेतु 30000 रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है। पदों की संख्या एवं अन्य विस्तृत विवरण विभाग द्वारा जारी संलग्न सूची के अनुसार रहेगा। जारी सूचना के अनुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर 2025 को शाम 05.30 बजे तक निर्धारित की गई है। प्राप्त आवेदनों की जांच के उपरांत पात्र एवं अपात्र आवेदकों की सूची 30 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी। इस सूची पर दावा आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 03 जनवरी 2026 शाम 05.30 बजे तक रहेगी। दावा आपत्ति के निराकरण के पश्चात पात्र एवं अपात्र आवेदकों की प्रथम सूची 06 जनवरी 2026 को जारी की जाएगी। इसके बाद 07 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा के आधार पर अंतिम मेरिट सूची 12 जनवरी 2026 को दावा आपत्ति हेतु प्रकाशित की जाएगी। इस पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2026 शाम 05.30 बजे तक निर्धारित है। दावा आपत्तियों के निराकरण के पश्चात अंतिम मेरिट सूची, चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन 16 जनवरी 2026 को किया जाएगा। पद से संबंधित शर्तों, आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हताओं तथा आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी हेतु जिले की आधिकारिक वेबसाइट www-manendragarh-chirmiri-bharatpur.gov.in पद का अवलोकन किया जा सकता है।

## मनरेगा की ताकत से बदली किसान की किस्मत

**एमसीबी।** जिले के मनेन्द्रगढ़ जनपद अंतर्गत ग्राम पंचायत बुलाकीटोला का एक छोटा सा गाँव, जहाँ वर्षों से पानी की कमी खेती और आजीविका की सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी, आज बदलाव की मिसाल बन चुका है। इसी गाँव के किसान विष्णु प्रसाद पिता घुरफेकन सिंह के जीवन में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत कराए गए कुआ निर्माण ने संघर्ष से स्थायित्व और अभाव से समृद्धि की राह खोल दी है। यह कहानी केवल एक किसान की नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की सफलता की है, जिसने सही समय पर सही समाधान दिया। वित्तीय वर्ष 2019-20 में 1.80 लाख रुपये की स्वीकृत राशि से व्यक्तिगत श्रेणी में विष्णु प्रसाद के खेत में कुआ निर्माण कार्य संपन्न कराया गया।

# सशक्त बेटियाँ, सुरक्षित बचपन: लालपुर में बाल अधिकार चेतना का सार्थक अभियान



**एमसीबी।** किसी भी सशक्त और समतामूलक समाज की नींव महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा से ही मजबूत होती है। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत ग्राम लालपुर में बाल अधिकारों पर केंद्रित एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान लिंग आधारित हिंसा जैसे गंभीर सामाजिक विषय पर संवाद स्थापित किया गया। वक्ताओं ने इसके कारणों, स्वरूपों एवं दूरगामी दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह हिंसा केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना से जुड़ा प्रश्न है। इसे समाप्त करने के लिए परिवार, समुदाय और संस्थाओं की सामूहिक भूमिका को रेखांकित किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं एवं बालिकाओं को प्राप्त कानूनी संरक्षण एवं विशेष अधिकारों की जानकारी दी गई, जिससे वे आत्मनिर्भर बनकर अपने अधिकारों के लिए सजग रह सकें। बालिकाओं की शिक्षा, सुरक्षा और सम्मान को समाज की साझा जिम्मेदारी बताया गया। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण आयाम बाल विवाह उन्मूलन रहा। उपस्थितजनों को बाल विवाह के विरुद्ध शपथ दिलाई गई तथा इसके स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक विकास पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभावों पर गंभीर विमर्श हुआ। बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण को समय की अनिवार्यता बताया गया। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी वन स्टॉप सेंटर, सखी निवास, घरेलू हिंसा अधिनियम, पोक्सो अधिनियम तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी साझा की गई, ताकि जरूरतमंद महिलाएं एवं बच्चे त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। यह कार्यक्रम केवल जागरूकता का मंच नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन की सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर उभरा, जिसने एक सुरक्षित, समान और सशक्त भविष्य की दिशा को स्पष्ट किया।

## धान खरीदी में एमसीबी जिला बना भरोसे का मॉडल

**एमसीबी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में धान खरीदी व्यवस्था ने पारदर्शिता, तकनीकी दक्षता और किसान-हितैषी सोच के साथ सुशासन का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिले के सभी 25 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी कार्य पूरी तरह सुचारू, व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से संचालित किया जा रहा है। किसानों की लगातार बढ़ती सहभागिता यह दर्शाती है कि शासन की नीतियों पर उनका विश्वास निरंतर मजबूत हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी की सीमा तथा 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य का निर्णय किसानों के लिए आर्थिक संबल सिद्ध हो रहा है। इससे किसानों की आय में वृद्धि के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। इस वर्ष जिले में किसान पंजीयन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जो धान खरीदी व्यवस्था में किसानों के बढ़ते विश्वास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। अधिया-रेगहा किसान, वन अधिकार पट्टाधारी तथा डूबान क्षेत्र के किसानों को प्रदान की गई एग्रीस्टेक छूट से इन वर्गों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हुई है, जिससे कोई भी पात्र किसान शासन की योजनाओं से वंचित नहीं रह गया है। धान खरीदी में लागू 'तुहर टोकन 24म7' व्यवस्था किसानों के लिए बड़ी सुविधा बनकर सामने आई है। 24 घंटे टोकन जनरेशन की सुविधा से किसानों को अपनी सुविधा अनुसार तिथि चयन का अवसर मिला है, जिससे उपार्जन केंद्रों में भीड़ कम हुई है।

# कृषक शंकर सिंह ने बेची 100 क्विंटल धान, जरूरत होगी पूरी



**एमसीबी।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 छत्तीसगढ़ के किसानों के जीवन में विश्वास, सम्मान और स्थिरता का नया अध्याय लिख रहा है। यह वर्ष केवल धान खरीदी का एक सत्र नहीं, बल्कि सरकार और किसान के बीच मजबूत होते भरोसे का सशक्त प्रतीक बनकर सामने आया है। ग्राम सैंदा निवासी किसान शंकर सिंह की कहानी इसी सकारात्मक बदलाव की सजीव मिसाल है। शंकर सिंह एक साधारण किसान हैं, जिनकी आजीविका पूरी तरह कृषि पर आधारित है।

हर वर्ष की तरह इस बार भी उन्होंने पूरे परिश्रम और समर्पण के साथ अपने खेतों में धान की फसल तैयार की। मौसम की अनिश्चितता और बढ़ती लागत के कारण मन में आशंकाएँ जरूर थीं, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार की किसान-हितैषी नीतियों ने उन्हें आश्वस्त किया। प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक धान खरीदी और 3100 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य की घोषणा ने उनकी मेहनत को सम्मान और सुरक्षा का भरोसा दिया। निर्धारित तिथि के अनुसार ऑफलाइन टोकन प्राप्त होने के बाद शंकर सिंह खड़गवां उपार्जन केंद्र पहुँचे, जहाँ उन्हें सुव्यवस्थित, अनुशासित और पूरी तरह किसान-अनुकूल व्यवस्था का अनुभव हुआ। उपार्जन केंद्र पर बैठने की सुविधा, स्वच्छ पेयजल, सहयोगी कर्मचारी तथा डिजिटल तौल कांटे से सटीक माप-तौल ने पूरी प्रक्रिया को सरल और भरोसेमंद बना दिया। तौल के दौरान फोटो अपलोड के माध्यम से सत्यापन होने से खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास और अधिक मजबूत हुआ। शंकर सिंह ने कुल 100 क्विंटल धान का विक्रय किया। न लंबी कतारों की परेशानी, न अनावश्यक प्रतीक्षा और न ही किसी प्रकार की असुविधा। सबसे संतोषजनक बात यह रही कि धान विक्रय की पूरी राशि सीधे उनके बैंक खाते में समय पर जमा हो गई। इससे उन्हें आर्थिक सुरक्षा का अहसास हुआ और वे अब बच्चों की पढ़ाई, घरेलू जरूरतों तथा रबी फसल की तैयारी निश्चिंत होकर कर पा रहे हैं। शंकर सिंह बताते हैं कि पहले तौल और भुगतान को लेकर शंकाएँ बनी रहती थीं, लेकिन इस वर्ष की पारदर्शी और सुव्यवस्थित व्यवस्था ने उनका नजरिया पूरी तरह बदल दिया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में लागू इस किसान-हितैषी खरीदी व्यवस्था के लिए उन्होंने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। आज शंकर सिंह की यह सफलता कहानी केवल एक किसान की नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के हजारों किसानों की आशा, विश्वास और आत्मनिर्भरता की कहानी है, जो यह सिद्ध करती है कि सही नीति और मजबूत व्यवस्था से किसान का भविष्य सुरक्षित और उज्ज्वल बनता है।

# कटघोरा वनमंडल में लोनर का बढ़ता आतंक लगातार दूसरे दिन ली महिला की जान



**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल में सीपत रेंज से पहुंचे लोनर हाथी का आतंक छाया हुआ है। लोनर हाथी ने लगातार दूसरे दिन कहर ढाते हुए एक और महिला की जान ले ली, जिससे ग्रामीणों में काफी दहशत है और उनके द्वारा सुरक्षा की मांग की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार लोनर हाथी के द्वारा जनहानि की यह घटना आज सुबह 5 बजे के लगभग कटघोरा डिविजन के जटगा रेंज अंतर्गत ग्राम बिंझरा के चंदनपुर मोहल्ले में घटित हुई। हाथी के हमले में यहां की निवासी मीना बाई पति रामकुमार धोबी उम्र 26 वर्ष की जान चली गई। बताया जाता है कि मीना बाई और उसका पति रामकुमार सुबह दिशा मैदान के लिए बाड़ी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक लोनर हाथी से सामना हो गया जो कि चैतमा रेंज के बाइसमर बीट होते हुए गांव के मोहल्ले में पहुंचा था। ग्रामीण दंपत्ति को देख उन्हें दौड़ाया। खतरा देख पति तो भाग निकला लेकिन महिला हाथी के जद में आ गई। उसे सूंड से उठाकर पटक दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही कटघोरा डीएफओ कुमार निशांत और वन विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेने के साथ आवश्यक कार्यवाही की। मृतक के शव का पंचनामा कराने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया।

वहीं वन विभाग की ओर से उसके परिजनों को तत्कालिक सहायता राशि रुपए 25 हजार रुपए उपलब्ध कराई। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बताया कि अंचल में पिछले कुछ दिनों से हाथियों की लगातार आवाजाही देखी जा रही थी लेकिन ठोस रोकथाम नहीं हो पाई। ज्ञात रहे कटघोरा वनमंडल में पिछले 24 घंटे के भीतर लोनर के हमले की यह दूसरी घटना घटित हुई है जिसमें महिला की जान गई है।

# दीपका में कितने बुथ-नहीं पता, भाजपा ने संतोषी को बनाया प्रदेश मंत्री

## रायपुर से दिल्ली तक नेताओं को शिकायत



**कोरबा।** अनुशासन के साथ कई आदर्श के दावे भाजपा करती रही है। हाल में ही उसके द्वारा मोर्चा प्रकोष्ठों में की गई नियुक्तियों और कुछ नामों को लेकर भूचाल आया हुआ है। महिला मोर्चा में संतोषी दीवान को प्रदेश मंत्री बनाने की खबर ने कार्यकर्ताओं को चौकाया। खबर है कि कुछ कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर संगठन मंत्री से लेकर उपर तक फोन कर पूछा कि आखिर यह हो क्या रहा है?

एक दिन पहले ही भाजपा महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष सहित प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। खबर है कि जिलों से भेजे गए नाम वाली सूची की अनुसंशा के आधार पर कार्यवाही की गई। उम्मीद की जा रही थी कि जिले में बहुत कुछ अच्छा होगा, लेकिन नतीजे ऐसे नहीं आ सके। सबसे ज्यादा आश्चर्य के साथ हैरानी इस बात को लेकर हुई कि भाजपा संगठन ने पूर्ववर्ती कांग्रेस संगठन से भाजपा में एंट्री लेने वाली दीपका की संतोषी दीवान को महिला मोर्चा में सामान्य पद नहीं बल्कि सीधे प्रदेश में मंत्रीपद दे दिया। कहा जा रहा है जिसे दीपका में बूथ से लेकर आसपास के मंडलों की जानकारी नहीं है, वह संगठन को क्या दे सकेगी? खबर है कि समन्वय के चक्कर भाजयुमो अध्यक्ष को फाइनल करने में दिक्कत हो रही है।

# दीपका पुलिस ने कोयला के खेल में पांच और गिरफ्तारी की



**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र में अवैध कोयला हेराफेरी के मामले में पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। तिवरता ट्रांसपोर्ट कंपनी की ओर से शिकायत पर पुलिस ने आज फिर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस प्रकरण में अब तक कुल 10 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जिससे कोयला कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा है।

पुलिस जांच में सामने आया कि अदानी पावर कंपनी को भेजे जाने वाले कोयले को निर्धारित स्थान तक पहुंचाने के बजाय आरोपियों द्वारा बीच रास्ते में ही उतारकर अवैध रूप से खपाया जा रहा था। इस हेराफेरी को लेकर दीपका थाना में अपराध दर्ज कर जांच की जा रही है। आज गिरफ्तार किए गए आरोपियों में नगिना प्रजापति, रवि कुमार, अशीष कुमार उर्फ सोनू अग्रवाल, अशोक कुमार बिंझवार एवं संजू लाल सारथी। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 444/2025 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 316(3) एवं 3(5) में अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार मामले की विस्तृत जांच जारी है और आगे भी अन्य संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाएगी। दीपका पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध कोयला हेराफेरी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा में नूर मोहम्मद को दायित्व



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ भाजपा संगठन में विस्तार करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी कर दी है। इस घोषणा के तहत संगठन ने कई नए चेहरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। कोरबा जिले से पूर्व गृह मंत्री ननकी राम कँवर के करीबी माने जाने वाले हाजी नूर मोहम्मद आरबी को प्रदेश स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिली है। भाजपा नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा का स्थायी आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया है। हाजी नूर मोहम्मद आरबी लंबे समय से इस संगठन में काम कर रहे हैं।

# निगम के पैनल में धनेश सदस्य नियुक्त



**कोरबा।** नगर निगम कोरबा ने अपने पैनल में अधिवक्ता धनेश सिंह को शामिल किया है। एमआईसी की बैठक में उनकी नामजदगी का प्रस्ताव पारित किया गया। वे काफी समय से वकालत के क्षेत्र में सक्रिय हैं। उन्होंने बिजली वितरण कंपनी के लिए काम किया है। निगम के पैनल में खुद को शामिल करने पर सिंह ने मेयर संजू देवी राजपूत सहित सदस्यों का धन्यवाद जताया है।

# इंदिरा नगर में लोगों को खुद हटाना होगा अवैध निर्माण, वरना 30 से तोड़फोड़

## विरोध और प्रशासन का आश्वासन नहीं आया काम इस मामले में



**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न सेंट्रल रेलवे की ओर से उन सभी विकल्पों को हासिए पर कर दिया गया है, जो कोरबा के इंदिरा नगर दुरपा रोड में उसकी जमीन पर अवैध कब्जा से संबंधित थे। रेलवे ने इस इलाके की एक निश्चित सीमा में काबिज लोगों को 24 दिसंबर तक हर हाल में हटने और अपने निर्माण हटाने को कहा है। वह अन्य स्थिति में 30 दिसंबर से यहां बुलडोजर के साथ तोड़फोड़ की कार्यवाही शुरु करेगा।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे कोरबा सेक्शन के वरिष्ठ अनुभाग अभियंता की ओर से एक रिमांडर हाल में ही जारी किया गया। रेलवे ने कहा कि 705/08 से लेकर 705/10 किलोमीटर क्षेत्र में लोगों ने जो अवैध निर्माण कर रखा है उसे 24 दिसंबर 2025 तक आवश्यक रूप से हटा लें। यह निर्माण रेलवे की भूमि पर किया गया है। तय समय सीमा तक अतिक्रमण नहीं हटाने की स्थिति में रेलवे प्रशासन यहां बुलडोजर चलाएगा। इस दौरान होने वाले नुकसान और अन्य परेशानियों की जिम्मेदारी लोगों की होगी। प्रशासन को इस बारे में रेलवे ने अभी से अवगत करा दिया है। पुलिस के साथ आरपीएफ को भी मामले की जानकारी दी गई।

रेलवे ने एनसीआर 2025 के अंतर्गत यह रिमांइडर अपनी जमीन पर काबिज मोहम्मद मुलाजिम सहित अन्य सभी लोगों को जारी किया है। रेलवे के पिछले नोटिस के बाद लोगों ने यहां-वहां कोशिश की कि उन्हें राहत के साथ दूसरी सुविधाएं दी जाए। रेलवे स्टेशन पहुंचकर बातचीत करने के अलावा दो दिन पहले लोगों ने ओवरब्रिज के नीचे चक्काजाम किया था। इस दौरान प्रशासन की ओर से एक अधिकारी ने पहुंचकर इन लोगों को आश्वस्त किया था कि हम रेलवे के अधिकारियों से बातचीत करेंगे। जब तक पूरे मामले में बात नहीं हो जाती, अगली कार्यवाही नहीं होगी। लेकिन इसी के साथ 17 दिसंबर को रेलवे ने तमाम रास्तों पर बेरियर लगाते हुए नोटिस जारी कर लोगों को बता दिया है कि वह अपने कदम पर अडिग है और निश्चित रूप से अपनी जमीन को मुक्त कराएगा ताकि प्रयोजन सिद्ध हो सके।

रेलवे के हालिया नोटिस के बाद क्षेत्र में ऐसे सभी लोग परेशान हैं जो 705/8 से लेकर 705/10 किलोमीटर के हिस्से में बसे हुए हैं। याद रहे कि इन लोगों ने लगातार दावे किए कि वे वर्षों से जमीन पर काबिज हैं और ऐसे में उनका दावा तो बनता ही है।

# बाबा की जयंती पर भाजपा कार्यालय घेराव कांग्रेस की कुटिलता : अजय



**कोरबा।** जिला भाजपा के महामंत्री अजयच विश्वकर्मा ने कहा है कि संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास की जयंती है और आज के दिन कांग्रेस पार्टी के द्वारा भाजपा कार्यालय का घेराव किए जाने का निर्णय यह बताता है कि कांग्रेस के दिल में कैसे किसी समाज के लिए कितना सम्मान है। आज का पवित्र दिन गुरु घासीदास बाबा के आदर्श पर चलते हुए उत्साह और उमंग के साथ उनको स्मरण करने का है लेकिन कांग्रेस पार्टी इसमें भी राजनीति घुसेड़ रही है और जिस तरह बलौदा बाजार में समाज के लोगों को कांग्रेस पार्टी के विधायक ने हिंसा में फंसा दिया था इस तरह की पुनरावृत्ति कोरबा में भी करने की इच्छा है। धरना प्रदर्शन के लिए तो और भी कई दिन मिल जाते लेकिन जानबूझकर आज बाबा घासीदास की जयंती के दिन को चुनना कांग्रेस की कुटिल बुद्धि को दर्शाता है।

नमः शिवाय

**प्लाट उपलब्ध**

डीडीएम रोड, नमन विहार तथा बुधवारी पेट्रोल पंप के पीछे प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।

संपर्क करें
6268146606

**आवश्यकता है**

विजय ज्वेलर्स जांजगीर में कार्य करने हेतु लड़के तथा लड़कियों की आवश्यकता है। स्थानीय व्यक्ति एवं जानकार व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।

संपर्क करें
98261 06854
99816 31001




स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com